विज्ञापन आमंत्रित है..
- संपर्क -
मो. 9329033433

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 13 जुलाई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 167 | मूल्य - 5 रुपये






## कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का 23 वां दिन, भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक की 15 वें दिन सेहत बिगड़ी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 15वें दिन रविवार को शिक्षाविद एवं जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत और बिगड़ गई तथा चिकित्सकों ने कहा कि उनका रक्तचाप और गिर गया है तथा उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया है। परीक्षा में***



कथित अनियमितताओं को लेकर यहां जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (कॉजपा) का विरोध-प्रदर्शन रविवार को 23वें दिन जारी रहा। प्रदर्शन स्थल पर समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज, केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के. के. शैलजा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्व मंत्री के.एल. बालगोपाल और पी. राजीव ने भी आंदोलन का समर्थन किया। कॉजपा की ओर से जारी स्वास्थ्य सूचना के मुताबिक, भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का रक्तचाप गिरकर 104/66 एमएम एचजी (मिलीमीटर इन मर्करी) हो गया है, जबकि उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया।

कॉजपा संस्थापक अभिजीत दीपके ने 'एक्स' पर लिखा, ''सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 15वां दिन। सरकार कब जागेगी?'' सभा को संबोधित करते हुए शैलजा ने कहा, ''हम सभी यहां कॉजपा द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के प्रति एकजुटता व्यक्त करने आए हैं। यह आंदोलन एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर है। हम परीक्षाओं में जवाबदेही चाहते हैं। हम अपने देश में एक निष्पक्ष प्रवेश परीक्षा प्रणाली चाहते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्रालय की जानकारी के बिना बार-बार पेपर लीक नहीं हो सकते थे और उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की प्रदर्शनकारियों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''यह एक बड़ा घोटाला है। वे प्रश्नपत्र लीक करके हमारे छात्रों के भविष्य का सौदा कर रहे हैं।

इस मुद्दे पर बीस छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। केंद्र सरकार को उनके परिवारों को मुआवजा देना चाहिए और भविष्य में एक निष्पक्ष और जवाबदेह परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करनी चाहिए।'' कॉजपा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा के सबसे युवा सदस्यों में से एक, सरोज लगातार पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज को बुलंद करने के लिए' जंतर-मंतर पहुंचे। दीपके ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में विरोध स्थल पर जुटी भीड़ की एक तस्वीर साझा की और लिखा, ''तेईसवें दिन जंतर-मंतर पूरी तरह से खचाखच भरा हुआ है।'' इस बीच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन से जुड़े 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) के सदस्यों -नेहा, मनीष, दीपक कुमार वर्मा और आमीन- ने विरोध स्थल पर एक अलग मंच पर अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखी। वांगचुक ने शनिवार को लोगों से दूसरों में नायक न खोजने की अपील की थी और कहा था कि वह 'सिर्फ़एक आम नागरिक' हैं, न कि 'आधुनिक गांधी' या कोई नायक। उन्होंने 'एक्स' पर वीडियो डालकर कहा था, ''कृपया किसी और में नायक न ढूंढें। अपनी ज़िंदगी के नायक खुद बनें। एक नागरिक के तौर पर अपनी ज़िम्मेदारियां निभाएं।'' उन्होंने लोगों से 20 जुलाई को संसद तक प्रस्तावित मार्च में शामिल होने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को एकजुट होकर सांसदों से परीक्षा में कथित गड़बड़ियों से जुड़े मुद्दों पर गौर करने के लिए कहना चाहिए। कॉकरोच जनता पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़ेऔर परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के कारण आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवज़े की मांग कर रही है।

## महाराष्ट्र के मंत्री राणे ने आमिर खान की तीसरी शादी पर सवाल उठाये

**मुंबई, (भाषा)।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने अभिनेता आमिर खान की तीसरी शादी पर सवाल उठाते हुए रविवार को पूछा कि क्या इसे 'लव जिहाद' के एक उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए। भाजपा विधायक राणे ने हिंदू समुदाय के सदस्यों से भी ऐसी हस्तियों का समर्थन करने से पहले सतर्कतापूर्वक सोचने का आग्रह किया। राणे ने अहिल्यानगर जिले के शिरडी में पत्रकारों से कहा, ''जब जानी-मानी हस्तियां अपने निजी जीवन में ऐसे फैसले लेती हैं, तो हिंदू समाज को इस बारे में सोचना चाहिए। यह मेरी राय है। लव जिहाद का 'ब्रांड एंबेसडर' कौन है? क्या आमिर खान ऐसे व्यक्ति नहीं बन रहे हैं? जो हिंदू युवा उनकी फिल्में देखते हैं, उन्हें ऐसे अभिनेताओं को बड़ा व्यक्ति बनाने से पहले सोच-समझकर विचार करना चाहिए।'' 'लव जिहाद' एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा यह आरोप लगाने के लिए किया जाता है कि मुस्लिम पुरुष दूसरे धर्मों की महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर और विवाह के जरिये इस्लाम धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करने की साजिश करते हैं। आमिर खान ने पांच जुलाई को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने पाली हिल आवास पर एक निजी समारोह में गौरी स्प्रैट से विवाह किया था। यह आमिर खान की तीसरी शादी थी। खान ने पहली शादी रीना दत्ता और दूसरी शादी फिल्म निर्माता किरण राव से की थी। आमिर खान ने अभी तक राणे की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।




## कैग ने लाडकी बहिन योजना में 3,541 करोड़ रु. के अतिरिक्त खर्च व वित्तीय अनियमितताएं उजागर की..

**मुंबई, (भाषा)।**

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने महाराष्ट्र सरकार की प्रमुख योजना 'लाडकी बहिन' के क्रियान्वयन में 3,541.16 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च, जमा खातों में हजारों करोड़ रुपये रखने और वित्तीय प्रबंधन में कमियों को उजागर किया है। शुक्रवार को राज्य विधानमंडल में पेश की गई कैग राज्य वित्त ऑडिट रिपोर्ट 2024-25 में कहा गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस अतिरिक्त खर्च के लिए कोई विशिष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना के लिए स्वीकृत 29,693.09 करोड़ रुपये के बजट के मुकाबले 33,237.24 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसके कारण 3,541.16 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च हुआ। इसमें बताया गया कि योजना के लिए कुल 29, 693.09 करोड़ रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया गया था, जिसमें अनुपूरक प्रावधानों के माध्यम से 26,200 करोड़ रुपये और 'लेक लाड़की योजना' से पुनर्वियोजित 3,490.75 करोड़ रुपये शामिल थे। कैग ने कहा कि ऑडिट जांच से पता चला है कि जनवरी और मार्च 2025 के बीच निकाली गई 15,586 करोड़ रुपये की राशि को आभासी वैयक्तिक जमा लेखा (वीपीडीए) में अंतरित कर दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया, ''बड़ी मात्रा में धनराशि की निकासी से यह संकेत मिलता है कि इन निधियों की तत्काल आवश्यकता नहीं थी और वास्तविक खर्च की जरूरत के बिना ही इन्हें सरकारी खजाने से निकाल लिया गया।'' इस व्यवस्था को गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए कैग ने कहा कि तत्काल आवश्यकता न होने के बावजूद धनराशि निकालकर वीपीडीए में रख देना ''बजटीय अनुशासन और वित्तीय शुचिता के सिद्धांतों के विपरीत'' है।














कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# क्या एवीजे एथेनॉल प्लांट संचालक की बिना अनुमति के करोड़ों का चांवल बेचा जा सकता था? क्यों नही की जा रही प्लांट संचालक पर एफआईआर?

## करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल घोटाले के लिये प्लांट संचालक, राईस मिलर्स, भारतीय खाद्य निगम या फिर दोषी है सरकार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*भारत देश में सरकारों के काम करने का तरीका कुछ ऐसा है जिसमें ईमानदार को मजबूर किया जाता है, कि चोरी करो, जबकि वहीं जब चोरी का खुलासा हो जाए तो फिर असली बड़े गुनाहगारों को संरक्षण देकर छोटी मछलियों का शिकार कर मामले का पटाक्षेप कर दिया जाता है। इस स्थिति में ना तो अधिकारियों को सजा होती है, ना ही बड़े उद्योग संचालकों को और ना ही ऐसे प्लांट के असली मालिक, जिनकी पार्टनरशिप में राजनीतिक*

दिग्गजों की भी मिली भगत बताई जाती है, कोई कार्रवाई नहीं होती, बल्कि धीरे धीरे मामले का पटाक्षेप कर दिया जाता है, तथा यदि कहीं कोई कार्रवाई दिखाना मजबूरी हो ही जाती है तो फिर इस स्थिति में प्यादों की कुर्बानी देकर बड़ों को बचा लिया जाता है, और ऐसा ही कुछ बालाघाट जिले में घटित कथित 1,160 करोड़ रुपए के फोर्टिफाइड चावल घोटाले के मामले में भी नजर आ रहा है, जिसमें जानकारी के अनुसार अभी तक करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल घोटाले में एवीजे एथेनॉल प्लांट संचालक पर मामला दर्ज नहीं किये जाने की जानकारी मिल रही है, तथा जानकारी के अनुसार इस मामले में असली खेल खेलने वाले गुनाहगारों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि सवाल यह उठता है कि क्या बिना प्लांट संचालक की अनुमति के कर्मचारी किसी राईस मिलर्स को ट्रकों से चांवल बेच सकते हैं जबकि मामले में जानकारी के अनुसार करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल घोटाले में सिर्फ राईस मिलर्स या प्लांट संचालक के कर्मचारी नहीं बल्कि प्लांट संचालक स्वयं और इसके साथ ही भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी और नीति बनाने वाली सरकार भी दोषी की भूमिका में है, जिसके कारण करोड़ों का चांवल घोटाला पुलिस ने पकड़ा है, बस इस मामले में पुलिस ने जिस तत्परता से कार्यवाही की है, और घोटाले को सामने लाया है, उसमें यदि पुलिस राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग के लिये धान दिये जाने और उससे चांवल के उत्पादन का अनुपात भी अपनी जांच में ले ले तो वहीं एथेनॉल प्लांट में चांवल से बनाये जाने वाले एथेनॉल के परिणाम और उससे सरकार के लाभ की भी जांच कर ले, तो समझा जा सकता है कि चोरी की जा रही है, या करवाई जा रही है, और करवाई जा रही है तो फिर वास्तव में दोषी आखिर है कौन? और जो असली दोषी प्लांट संचालक और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी हैं तो फिर उन्हें बचाया जाना क्या उचित होगा?

## एथेनॉल प्लांट की स्थापना सुनियोजित राजनीतिक भ्रष्टाचार का हिस्सा तो नही?

गौरतलब है कि सरकार द्वारा एक तरफ एथेनॉल प्लांट लगाने के लिये विभिन्न उद्योगों को 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जबकि देखा जाए तो एथेनॉल का पेट्रोल में किया जाने वाला उपयोग कहीं से लाभदायक नहीं बताया जा रहा, बल्कि इसके कारण वाहनों के इंजन खराब होने की शिकायतें तक सामने आ रही है, वहीं पेट्रोल में एथेनॉल मिलाये जाने से इसकी किमतों को कम करने में सहयोगी बताने का भी कार्य किया जाना एक तरह से आर्थिक लाभ के लिये गुमराह करने जैसा सुनियोजित राजनीतिक भ्रष्टाचार दिखाई देता है, जिसमें प्लांट के नाम पर सरकार की तिजोरी पर मिलकर डाका डालने की संगठित भ्रष्टाचार की कोशिश दिखाई दे रही है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से प्लांट संचालकों को चांवल में सब्सिडी की व्यवस्था भी भ्रष्टाचार के लिये अवसर प्रदान करने का कारण दिखाई दे रही है, जबकि पुरे मामले में भ्रष्टाचार के असली कारण को छुपाते हुए करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल को प्लांट और राईस मिलर्स के बीच का खेल बताकर एफआईआर कर दी गई है, लेकिन पुरे मामले पर गौर किया जाए तो यहां यह भी नजर आता है कि करोड़ों के इस मामले में एथेनॉल प्लांट की योजना, राईस मिलर्स को कष्टम मिलिंग के लिये मजबूर किये जाने की सरकार की नीति की भी जांच करना चाहिये, क्योंकि यदि पुलिस ने अब इस मामले में दूसरे एंगल से जांच की तो हो सकता है कि सत्ताधीशों का खेल भी उजागर हो जाए और सरकार की तिजोरी में डाका डालने को भी रोका जा सके।

## आखिर क्यों बालाघाट जिले में राईस उद्योग पर मंडरा रहा संकट..

गौरतलब है कि जहां जिले में करोड़ों के चांवल घोटाले की जानकारीयां सामने आ रही है, वहीं यह भी सामने आ रहा है कि बालाघाट जिले में बड़ी संख्या में राईस मिलर्स सरकार की नीतियों के कारण जुझ रहे हैं। कथित 1,160 करोड़ रुपए के फोर्टिफाइड चावल घोटाले के मामले में कुछ राईस मिलर्स से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अनेक राईस मिलर्स ने तो अपना करोड़ों का उद्योग नुकसान खाते खाते आखिरकार बेच दिया या फिर बंद कर दिया।

इसका मुख्यतः कारण यह है कि राईस मिलर्स के पास अब सरकारी धान की मिलिंग के अलावा अवसर बहुत कम रह गए हैं। एक तरफ चिन्नौर, जयश्रीराम, एचएमटी, दुबराज जैसी अनेक महत्वपूर्ण धान की किस्में लगाना किसानों ने बंद कर दिया है, तथा किसान सोसायटीयों के माध्यम से सरकारी समर्थन मूल्य पर धान बेच रहे हैं, और जब मोटा धान की ही पैदावार हो रही है, तो फिर इस स्थिति में राईस मिलर्स के पास सरकारी धान की मिलिंग के अलावा अवसर नहीं होना ही व्यापार को जिंदा रखने की मजबूरी में सरेंडर करने का कारण बन रहा है, तथा देखा जाए तो इसी एक कारण के चलते राईस मिलर्स कष्टम मिलिंग और अन्य सोर्स से धनलाभ के लिये मजबूर किये जा रहे हैं। एक राईस मिलर्स ने तो यह भी कहा कि जबकि राईस मिलर्स के समक्ष एथेनॉल प्लांट से चांवल सप्लाई किया जा रहा है, और उसमें राईस मिलर्स को लाभ दिखाई दे रहा है, तो यह हेराफेरी चोरी नहीं बल्कि अवसर का लाभ उठाने जैसा कारोबार का हिस्सा है, जिसके लिये करोड़ों का नुकसान उठा रहे राईस मिलर्स की मजबूरी है।

## धान से चांवल बनाने की टेस्टिंग कर दी जानी चाहिये राईस मिलर्स को मिलिंग के लिये.. लेकिन सरकार नहीं कर रही ऐसा.. राईस मिलर्स का है कहना..

गौरतलब है कि सरकार कष्टम मिलिंग के लिये जो धान राईस मिलर्स को देती है, उसमें 100 किलो धान में राईस मिलर्स 54 किलो चांवल ही निकाल पाता है, जबकि सरकार राईस मिलर्स से 67 किलो चांवल की मांग करती है। इस स्थिति में राईस मिलर्स बाहर से चांवल खरीदकर तथा धान के छिल्के आदि को बेचकर उससे 13 कि.ग्रा. चावल सरकार को वापस करता है, तथा इसके लिये बाहर से चांवल खरीदने के अलावा राईस मिलर्स के पास कोई विकल्प नहीं होता। राईस मिलर्स के द्वारा बाहर से चांवल खरीदकर वापस करने की मजबूरी के चलते ही ना सिर्फ बालाघाट बल्कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छ.ग. में भी राईस मिलर्स सरकार से धान की टेस्ट मिलिंग करने की मांग भी करते रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिसके परिणामस्वरुप राईस मिलर्स को चोर बताया जा रहा है, और राईस मिलर्स सरकार से अपना बकाया भुगतान प्राप्त करने के लिये भी संघर्ष के लिये मजबूर है, जिसके परिणामस्वरुप एक तरफ चांवल उद्योग संकट में है, दूसरी तरफ अवसर के अनुरुप माल खरीदने और बेचने की प्रक्रिया के बावजूद राईस मिलर्स को चोर बताकर बदनाम किया जा रहा है, जबकि इन परिस्थितियों से जुझते हुए अब राईस मिलर्स एक जुट होकर सरकार से लड़ाई लड़ने की तैयारी पर मंथन कर रहा है। राईस मिलर्स का यह भी कहना है कि सरकार एथेनॉल के लिये नुकसान उठाकर एथेनॉल प्लांट को सब्सिडी पर चांवल दे सकती है तो फिर सरकार राईस मिलर्स को टेस्ट मिलिंग करके मिलिंग के लिये चांवल क्यों नहीं देने का मार्ग प्रशस्त करती, यदि सरकार अपनी नीति सुधार लेती है तो राईस मिलर्स सहीं तरह से सरकार को सहयोग कर सकेगा।

## बालाघाट मे भाजपा की जिला मासिक बैठक संपन्न, कार्यो की हुई समीक्षा

# भारतीय जनता पार्टी संगठन की मजबूती ही विजय का आधार है.. - बोले संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी

### डिजीटल लर्निंग प्लेटफार्म पर दिया गया जोर..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री, छिंदवाडा संभाग प्रभारी एंव पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, जिला प्रभारी इंजीनियर अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन और भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में भारतीय*

जनता जिला संगठनात्मक मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष लता एलकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पअर्चन कर पूजन किया गया। बैठक का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ. नरेन्द्र भैरम ने किया। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं का समर्पण अतुलनीय : प्रदेश महामंत्री

संगठन की विचारधारा और सेवा भाव को लेकर बूथ स्तर तक सक्रिय पडेगा। संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की निहायत जरूरत है। इसी कडी में जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं का समर्पण अतुलनीय है। हम सब कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रवास, संपर्क और जनसंवाद करना होगा। यह कहते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने अपने प्रेरणदाई संबोधन में कहा, भाजपा सघर्षो की अगाथ यात्रा है। प्रतिफल आज हमारी पंचनिष्ठा भारत माता के परम वैभव, जनकल्याण और विकास की परंपरा को आगे बढा रही है।

डॉ. सोलंकी ने आगे कहा, संगठन की मजबूती ही विजय का आधार है। निहाजा हमें जनसरोकार के निहितार्थ समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा।

### संगठन कार्य में अमूल्य योगदानः रामकिशोर कावरे

बैठक में प्रस्तावना उद्बोधन भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने संगठन के विगत तीन माह के विभिन्न संपादित महत्वपूर्ण विषयों का प्रमुखता से रखा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मरण पखवाडा पर आयोजित कार्यक्रम। विशेष रूप से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म। मंडल विस्तार, शक्ति केंद्र टोली का गठन एवं विस्तार, बूथ समिति सशक्तिकरण, मन की बात कार्यक्रम का प्रभावी संचालन, मंडल की मासिक बैठकों की प्रगति तथा अन्य समसामयिक संगठनात्मक विषयों पर सारगर्भित जानकारी दी। उन्होने कार्यकर्ताओं से संगठन कार्य में अपना अमूल्य योगदान देने का आव्हान किया।

### तपोनिष्ठ कार्यकर्ता हमारे प्राणपण : अभिलाष मिश्रा

वहीं भाजपा जिला प्रभारी इंजीनियर अभिलाष मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और संगठन की पार्टी है। राष्ट्रवाद, विचारधारा, जनकल्याण और विकासमूलक कार्य हमारी निष्ठा है। जिसका हम सब कार्यकर्ता मिल जुलकर निर्वहन करते आ रहे है। तपोनिष्ठ कार्यकर्ता हमारे प्राणपण है। इन्हीं के बदौलत आज भाजपा यह व्यापक स्वरूप है। यह कहते हुए श्री मिश्रा ने भाजपा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों से बीते तीन माह के संगठन कार्यो की जानकारी लेते हुए समीक्षा की।

### लिया संकल्प

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे, किशोर अमूले, गोपाल आडवाणी, त्रिवेणी गोस्वामी, जितेन्द्र सिंह मोहारे, अजय मेश्राम, जिला महामंत्री अनुपमा नेताम, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, कन्हैया चौहान, राजेश मेश्राम, रेखा गोखले, मोना सिद्धू कौर, शिवानी तिलासी, अरूणा गजभिए, जिला कोषाध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जितेन्द्र चौधरी, सुमित यादव, चंद्रकांत पिपलेवार, वीरेन्द्र श्रीवास, पलाश बिसेन, मोनिल जैन, राजेश गोमासे, सतीश लिल्हारे, राकेश सेवईवार, वेदराम रांहगडाले, योगेश शरणगत, योगेश बिसेन, योगेश खैरवार, मुकेश चौकसे, जानेश रांहगडाले, अविनाश देशमुख, मिलिन्द नगपूरे, सुनिल रांहगडाले, चित्रकुमार ठाकरे, सोनाली कुसराम, विजय पटले, संदीप मिश्रा, रमाकांत डहाके, प्रसन्न अवधिया, पंकज खोखले, भीवराम मात्रे, सोनू जैन, मधु शुक्ला, मीना रांहगडाले, डिल्लन सिंह ताराम, राकेश बनोटे, झामसिंह नागेश्वर, तपन राजा चौधरी, मनोज हरिनखेरे, संतोष शुक्ला, अभय कोचर, सुरजीत सिंह ठाकुर, रामेश्वर साहू, संतोष साहू समेत भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी और मंडल अध्यक्षों ने संगठन कार्यो को सफलतापूर्वक संपादित करने का संकल्प लिया।

# मगरदर्रा व टिटवा के बीच यात्री बस पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल..

## चार घायलों को जिला अस्पताल में किया भर्ती






जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट से लामता मार्ग पर ग्राम मगरदर्रा व टिटवा के बीच नाला समीप 12 जुलाई रविवार को दोपहर करीब 3.45 बजे तेज गति से दौड़ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटने से बस में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें चार यात्रियों को गंभीर चोट आने पर एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।*

घायलों में रेवतन बाई पति चैनलाल बघेल (47) निवासी कुरेण्डा परसवाड़ा, हरेसिंह पिता रामप्रसाद टेकाम (46) निवासी जलगांव परसवाड़ा, शिवानी पिता पुन्नूलाल बघेल (22) व जाग्रति पिता मुन्नीलाल उइके (22) दोनों निवासी बघोली शामिल है। घायलों ने बताया कि बालाघाट से बस करीब 2.15 परसवाड़ा जाने छूटी थी। लेकिन मगरदर्रा पहुंचते तक रास्ते में दो बार बस खराब होने से बस चालक तेज गति से भगा रहा था जिससे मगरदर्रा मंदिर पहाड़ी क्रास करने के बाद टिटवा समीप नाला में बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

बस में करीब 20-22 यात्री सवार थे। जिसकी सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी गई। जिससे मौके पर पुलिस व एम्बुलेंस वाहन ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


SONO VIEW

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन

तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T. SCAN

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पुलिस ने किया अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश..

**5 शातिर आरोपी गिरफ्तार, सभी भेजे गए जेल..**

### 7,27,000 का चोरी का मशरूका जप्त..

### डुण्डासिवनी की 4 एवं कोतवाली की 1 कुल 5 चोरी की घटनाएं खुलीं..



जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में चोरी की* घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डुण्डासिवनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

दिनांक 29.06.2026 को प्रार्थिया रजनी पति अनिल पंचेश्वर, निवासी ड्रीम लैण्ड सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित मैहर दर्शन गई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी एवं नगद रुपये चोरी कर लिए गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 342/2026 धारा 331(4), 305 (A) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्री चैनसिंह उइके के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया, संदेहियों से पूछताछ की गई एवं घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 05 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ी पूछताछ में सभी आरोपियों ने डुण्डासिवनी क्षेत्र में घटित 04 चोरी एवं कोतवाली क्षेत्र में घटित 01 चोरी सहित कुल 05 चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सम्पूर्ण मशरूका जप्त किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी..

आमिर पिता शफीक खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी अशोक वार्ड, थाना कोतवाली, आशीष पिता सुधीर वास्त्री, उम्र 33 वर्ष, निवासी विवेकानंद वार्ड, थाना कोतवाली, अमन पिता हरिकिशन चौहान, उम्र 19 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, थाना कोतवाली, इरशाद पिता जब्बार खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुरुनानक वार्ड, थाना कोतवाली, अंकित पिता नेमीचंद सिहोसे, उम्र 26 वर्ष, निवासी ड्रीमलैण्ड सिटी, थाना डुण्डासिवनी।

सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर सभी को जिला जेल सिवनी भेजा गया।

### जप्त मशरूका..

कुल कीमत₹7,27,000, नगदी - ₹28,440, सोने का रानी हार - 01 नग, सोने की अंगूठी - 01 नग, सोने की लौंग - 01 नग, चांदी की बड़ी पायल - 01 जोड़ी, छोटी पायल - 02 जोड़ी, चांदी का सिक्का - 01 नग, मोटर सायकिल - 02 नग।

### सराहनीय भूमिका..

इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री चैनसिंह उइके के नेतृत्व में सउनि निसार खान, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, प्र.आर. नितेश राजपूत, संजय यादव, योगेन्द्र चौहान, रणजीत पटले, संजू उइके, आर. आशीष ठाकरे, रवि धुर्वे, रघुराज यादव, धनराज बरकडे, हिमेन्द्र सहारे, मोहसीन आजमी, नीरज दुबे, अजय मिश्रा, खिलेन्द्र गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा की मासिक एवं कामकाजी बैठक संपन्न..

### भाजपा परिवार का हुआ विस्तार..



जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

*भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा की मासिक एवं कामकाजी बैठक रविवार को कान्हीवाड़ा स्थित उत्सव पैलेस में गरिमामय वातावरण में* आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सांसद एवं संगठन प्रभारी सुमेर सिंह सोलंकी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की।

विशिष्ट अतिथियों में बरघाट विधायक कमल मर्शकोले, केवलारी विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राकेशपाल सिंह, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, जिला मंत्री दिलीप बघेल, तरुण मुनियाटांग, श्रीमती आशा डेहरिया, मंडल प्रभारी अलकेश रजक सहित केवलारी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष तथा प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में केवलारी मंडल के अनूप बघेल, पलारी के नीलेश ठाकुर, धनौरा के सुजीत मिश्रा, छींदा के सचिन राजपूत, ऊगली के विजय चौधरी तथा मीडिया प्रभारी संतोष बंदेवार सहित सभी मंडलों के प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक-सहसंयोजक एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं अपेक्षित कार्यकर्ताओं की सराहनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता सुमेर सिंह सोलंकी ने शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों से वन-टू-वन संवाद करते हुए डिजिटल लर्निंग अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ÷कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है और मतदान केंद्र पर कार्य करने वाला कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति होता है।÷ उन्होंने मंडल कान्हीवाड़ा की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यह बैठक जिला स्तरीय बैठक की तरह अनुशासित, व्यवस्थित एवं प्रभावी रही। बैठक के दौरान भाजपा परिवार का विस्तार भी हुआ। भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, विकासवादी सोच एवं संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत कुडो मुंडरई के सरपंच सोनेलाल उइके तथा ग्राम पंचायत लुगंशा के रोहित सूर्यवंशी, संत कुमार सूर्यवंशी एवं सोनू सूर्यवंशी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नवसदस्यों का प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राकेशपाल सिंह सहित मंचासीन वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सभापति इन्द्रकुमार जंघेला ने आभार प्रदर्शन करते हुए मंडल क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। उन्होंने ग्राम कान्हीवाड़ा में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कुम्हार समाज के पार्ट्स वर्कशॉप भवन के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने, किसानों को बिजली की अनियमित आपूर्ति से हो रही समस्याओं के समाधान तथा क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों की ओर अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# न्यायालय परिसर में हुडदंग मचाने वाली बुलेट पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433



### मॉडीफाइड सायलेंसर जप्त, 1000 रू. का समन शुल्क वसूला गया..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशों के पालन में तेज आवाज एवं मॉडीफाइड सायलेंसर वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।*

जिला न्यायालय सिवनी परिसर के पास बुलेट मोटर सायकिल क्रमांक **MP22MP6367** का चालक तेज आवाज वाले सायलेंसर का उपयोग कर हुडदंग मचाते हुए पाया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर वाहन को रोककर उसे थाना लाया गया। जांच में वाहन में अवैध रूप से लगा हुआ मॉडीफाइड सायलेंसर पाया गया।

बुलेट चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119/190(2) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। मौके पर 1000 रू. का समन शुल्क वसूल किया गया तथा मॉडीफाइड सायलेंसर को जप्त कर चालक को भविष्य में इस प्रकार का कृत्य न दोहराने की कड़ी हिदायत दी गई।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दिनांक 03/ 07/ 2026 को एक अन्य बुलेट मोटर सायकिल पर चालानी कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त किया जा चुका है।

### विशेष भूमिका..

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस द्वारा युवा स्वाभिमान मिशन के तहत साईक्लोथॉन का आयोजन

जगप्रेरणा सिवनी।

*प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जन सरोकार एवं युवाओं की आवाज को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से बुलंद करने के उद्धेश्य से*

युवा स्वाभिमान मिशन के तहत साईक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 जुलाई को इंदौर से प्रारंभ होकर 15 जुलाई 2026 को भोपाल में समाप्त होगा।

भोपाल में सभी युवा एवं कांग्रेस जन, मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए कूच करेंगे। इस अभियान का उद्धेश्य समाज को जागृत करना लोकतंत्र की रक्षा, युवाओं के भविष्य की रक्षा एवं भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी भाजपा सरकार को जगाने के लिए एवं सत्ता शासन को जनहितैषी कार्य करने के लिए बाध्य करना।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला संगठन महासचिव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तथा जिला कांग्रेस पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, जिला एन. एस. यु. आई, विभाग एवं प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को दोपहर 2 बजे अपने साथियों सहित अनिवार्य रूप से भोपाल पंहुचने हेतु अपील की है।

# ग्राम झिंझरई में 19 गांव की सहकारिता सोसायटी की अधिकृत भूमि में किया जा रहा अतिक्रमण, तत्काल कार्यवाही की मांग





जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले से 170 किलोमीटर सुदूर आदिवासी अंचल 19 ग्रामों के सेंटर पंचायत झिंझरई में 6 पंचायतों की लिखित सहमति से खसरा नंबर1 115, 137, 139, 156, 205, 207, 209, 148, 151, 133, 194*

को क्षेत्रीय विकास हेतु, स्कूल, अस्पताल, पानी टंकी, छात्रावास, पोस्ट ऑफिस, फारेस्ट डिपो, सोसायटी, वेयर हाउस गोदाम, सामुदायिक भवन 33 **kb** बिजली स्टेशन सरकारी धन गेहूं खरीदी केंद्र एवं अन्य प्रयोजन हेतु भूमि सुरक्षित करने अनेक पत्र लिखे पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई वर्तमान में 2011 से क्षेत्रीय किसानों की मांग पूरी हुई ओर झिंझरई साख समिति सोसायटी का गठन हो गया हे और जल्द सभी सुविधाएं किसान को मिलेगी ओर 6 पंचायत ओर झिंझरई पंचायत की लिखित सहमति से सोसायटी के लिए पंचायत भवन के बाजू पुराना प्राथमिक शाला भवन ग्राउंड ओर महावीर जी के बाजू का ग्राउंड आरक्षित हे सोसायटी निर्माण के लिए जिसमें अतिक्रमण हो रहा है तत्काल कार्यवाही की मांग जिला प्रशासन मांग क्षेत्रीय ग्रामीणों ने की है।

# जिला कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की कार्यकारणी हुई नियुक्त..




जगप्रेरणा सिवनी।

*प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन के विभिन्न विभाग एवं प्रकोष्ठो में युवाओं को जोड़कर उन्हें उचित सम्मान देने एवं पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सुश्री नेहा पालीवाल के निर्देशन पर*

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अनुशंसा से जिला कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष गनेश भगत को नियुक्त किया गया है। श्री भगत द्वारा जिला कार्यकारणी घोषित की गई जो इस प्रकार है। जिला उपाध्यक्ष खुशाल बघेल, सलमान खान, श्याम बोपचे, विकास सूर्यवंशी, राजेन्द्र राहंगडाले। जिला महासचिव अखलेश, विशाल बघेल, सौरभ बघेल, कार्तिक राय, प्रदीप उइके, अमन कुरैशी, पुरेन्द्र राने, अरूण हरदे, अंकित ठाकुर, इंद्रकुमार गुलाही, देवी कसराम, राजेश भलावी, विनोद अहिरवार, अवनीश बिसेन, दिनेश पटले, विनोद मरावी, विशांत काकोडिया, अंकित साहू, मनोज राहंगडाले, तरूण गोडुन्डे, अंकित साहू, मोहित बघेल, गंगेश तेकाम, सुश्री शबाना खान की नियुक्ति की गई है।

# भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष ने किसानों की समस्या के लिये कलेक्टर को दिया आवेदन..




भारतीय किसान संघ (म.प्र.)
महाकौशल प्रांत, जिला - सिवनी (म.प्र.)
प्रति,
मान.कलेक्टर महोदया जी
जिला सिवनी
विषय :- किसानो का राजस्व रिकार्ड में आई त्रुटियों को सुधारने बावत्।
द्वारा :- भारतीय किसान संघ तहसील समिति केवलारी।
महोदया जी,
सादर प्रेषित।
दिनांक 7/7/2026

जगप्रेरणा उगली।

*भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संघटन है, जो किसानों के हित में कार्य करता है. जिसके केवलारी तहसील के अध्यक्ष शिवप्रसाद ठाकुर चिखली निवासी द्वारा*

विगत दिवस जिले की संवेदनशील कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा तहसील केवलारी में आमजन को राहत देने के लिए जनसुनवाई शिविर लगाया गया था, इस शिविर में किसान संघ के द्वारा किसानों को होने वाली समस्याएं मुख्य रूप से समय पर नामांकन,सीमांकन ना होना जमीन का सीमांकन, किसी का नाम गलग है, बही में तो किसी का रकबा कम हो जाता है। संबधित पटवारियों को बताने पर टाल मटौल करते है, प्रत्येक गांव में कोटवार ही अपने आपको कलेक्टर समझते है, अतः खसरा नक्सा सुधरवाने के लिये कई चक्कर लगाना पडता है, फौती, नामंतरण उठाना आदि राजस्व संबंधित प्रकरणों के लिए किसानों को उगली से केवलारी का रुख करना पड़ता है अपने जायज कामों के लिए उगली मुख्यालय में उप तहसील उपलब्ध होने के बावजूद भी राजस्व संबंधित प्रकरणों के सुधार कार्य के लिए केवलारी जाना पड़ता है, यहां पर उप तहसील शोभा की सुपारी बनी हुई है। जो गंभीर समस्या है, यह समस्या किसानों के द्वारा पां. छपारा,सरेखा और उगली क्षेत्र के किसानों ने भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष को दी गई। कलेक्टर द्वारा इस प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित एसडीएम केवलारी को दिशा निर्देश दिए और आगामी समय में केवलारी उप तहसील के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र को सुचारू रूप से चालू करने के आदेश दिए।

### एस डी एम केवलारी को भी सौंपा गया ज्ञापन..

उसके बाद दूसरे दिवस रवि फसल मूंग, उड़द जो समर्थन मूल्य पर सरकार नहीं खरीदी मात्रा को लेकर भी भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष व पदाधिकारीयों ने केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा निश्चित तौर पर किसानों को होने वाली जायज मांगों को पूरा करने के लिए शासन प्रशासन वचनबद्ध है, और आगामी समय में प्रयास किया जाएगा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

### खाद बनी किसानों की मुख्य समस्या..

अभी वर्तमान में खरीफकी फसल की बुवाई का कार्य प्रगति पर है किसानों को खाद्य सोडा मिलने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# वारासिवनी में महिला पतंजलि की विशेष बैठक संपन्न, योग के महत्व पर हुई चर्चा..






जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी महिला पतंजलि इंटीग्रेटेड योगा क्लास, वारासिवनी के तत्वावधान में आज तहसील स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वारासिवनी की विभिन्न योग कक्षाओं से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया,***

जिससे आयोजन स्थल ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। इस विशेष अवसर पर सिद्धिविनायक मंदिर, महिला पतंजलि इंटीग्रेटेड योगा क्लास, गुरु नानक धर्मशाला, राधा कृष्ण मंदिर और जोड़ा पीपल मंदिर में संचालित होने वाली योग कक्षाओं की साधिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट से पधारीं महिला पतंजलि की जिला प्रभारी श्रीमती किरण बिसेन और श्रीमती जयश्री अरोड़ा का स्थानीय महिलाओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत एवं सत्कार किया गया। अपने संबोधन में जिला प्रभारी किरण बिसेन ने महिला पतंजलि के गठन के मूल उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस संगठन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

आयोजक श्रीमती सरिता गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷आप सभी महिलाएं जिस उत्साह के साथ एकत्रित हुईं और जो महत्वपूर्ण जानकारी आपने हासिल की, उसके लिए आप सभी साधुवाद की पात्र हैं।÷ उन्होंने सभी योग शिक्षकों और साधिकाओं को उनके निरंतर सहयोग और योग के प्रति समर्पण के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

बैठक के अंत में सभी महिलाओं ने नियमित रूप से योग करने और अन्य महिलाओं को भी इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। इस सफल आयोजन से वारासिवनी में योग के प्रति महिलाओं में एक नई चेतना और उत्साह का संचार हुआ है।

# 'नींव कमजोर तो भविष्य भी कमजोर' : क्या मध्य प्रदेश की प्राथमिक और प्री-प्राइमरी शिक्षा व्यवस्था को नए मॉडल की जरूरत है?..





जगप्रेरणा रामपायली।

***किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है, और शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है प्री-प्राइमरी एवं प्राथमिक शिक्षा। यही वह अवस्था है जहां बच्चे के व्यक्तित्व, भाषा, व्यवहार, सोचने-समझने की क्षमता और सीखने की आदत की नींव रखी जाती है।***

यदि यह नींव मजबूत होगी तो आगे की शिक्षा स्वतः मजबूत होगी। लेकिन यदि प्रारंभिक शिक्षा ही कमजोर रह जाए तो बाद की सारी योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पातीं।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पीएम श्री विद्यालय, सांदीपनी विद्यालय, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, विद्यालयों का आधुनिकीकरण जैसी पहलें सराहनीय हैं। हालांकि शिक्षा जगत से जुड़े अनेक लोगों का मानना है कि इन प्रयासों के साथ-साथ सबसे अधिक ध्यान प्री-प्राइमरी और प्राथमिक शिक्षा पर भी केंद्रित किया जाना चाहिए।

## प्री-प्राइमरी कक्षाएं तो खुलीं, लेकिन शिक्षक कहाँ?

विशेषज्ञों का सुझाव है कि सभी विद्यालयों– चाहे वे शासकीय हों या अशासकीय–में निर्धारित योग्यता एवं प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों द्वारा ही अध्यापन कराया जाए। यदि कहीं ऐसा नहीं हो रहा है तो संबंधित नियमों के अनुसार नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

सरकारी योजनाओं की जानकारी हर गरीब तक पहुंचे, शिक्षा से संबंधित अनेक सरकारी योजनाएं संचालित हैं, किंतु कई बार उनकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पाती।

इसके लिए सुझाव दिए जा रहे हैं कि, प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिक्षा जागरूकता शिविर आयोजित हों। सभी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में सार्वजनिक की जाए। विद्यालय स्तर पर अभिभावक जागरूकता बैठकें नियमित आयोजित हों। पात्र विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

## सरकारी स्कूलों को फिर कैसे बनाया जाए पहली पसंद?

यदि सरकार वास्तव में शासकीय विद्यालयों को पुनः समाज की पहली पसंद बनाना चाहती है तो निम्न सुधार प्रभावी हो सकते हैं– प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक। प्री-प्राइमरी के लिए अलग प्रशिक्षित स्टाफ। स्मार्ट एवं आनंदमय कक्षाएं। अंग्रेजी संवाद कौशल पर विशेष कार्य। नियमित खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां। विद्यार्थियों के सीखने का मासिक मूल्यांकन। अभिभावकों से नियमित संवाद। विद्यालयों में स्वच्छता एवं सुरक्षित वातावरण। सफाई कर्मचारी, स्थानीय समाज की सहभागिता। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को अतिरिक्त संसाधन।

## शिक्षा पर खर्च नहीं, निवेश होना चाहिए..

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क, पुल और भवन जितने आवश्यक हैं, उतनी ही आवश्यक गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा भी है। क्योंकि मजबूत शिक्षा ही भविष्य में बेहतर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, किसान, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और जिम्मेदार नागरिक तैयार करती है।

मध्य प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में अनेक सकारात्मक प्रयास दिखाई देते हैं, लेकिन यदि प्रदेश को वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनना है तो सबसे पहले प्री-प्राइमरी और प्राथमिक शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

'जब नींव मजबूत होगी, तभी भविष्य की इमारत भी मजबूत होगी।' यदि सरकार, प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक और समाज मिलकर प्रारंभिक शिक्षा को सर्वोच्च महत्व दें, तो वह दिन दूर नहीं जब शासकीय विद्यालय एक बार फिर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहली पहचान बनेंगे और हर गरीब परिवार का बच्चा भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकेगा।

# साहित्य संगम की गोष्ठी संपन्न..





जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम तिरोड़ी द्वारा पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्था के अध्यक्ष दिनेश देहाती के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अविनाश देशमुख ने की,***

विगत राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन की समीक्षा के पश्चात उल्लेखनीय योगदान के लिए सभी सदस्यों का अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और साहित्य भेंटकर सम्मान किया गया। फिर शुरू काव्य गोष्ठी में सबसे सुंदर कविता ÷सरकारी क्वार्टर÷ साक्षी मेश्राम द्वारा प्रस्तुत की गई, अगले क्रम में अंदाज ताज, इमरान कुरैशी, नवीन निश्चल, श्रीमती देवकी देवांगन, श्रीमती मातेश्वरी पटले ने अपने चिर-परिचित अंदाज में अपने विचार रखे। बिंदेश टांक, हुबलाल जेठूमल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अंत में श्री अविनाश देशमुख ने साहित्य संगम तिरोड़ी के अध्यक्ष दिनेश देहाती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पठार क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियां संचालित करने में आपकी विशेष भूमिका रही है। विगत पच्चीस वर्षों से साहित्यकार सम्मेलन का अनवरत आयोजन इसका सबूत है। अंत देवकी देवांगन ने आभार व्यक्त किया और सभा को समाप्त किया गया।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433



# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

सारे तीर्थ बारबार – गंगा सागर एक बार

कम राशि पर सुविधा ज्यादा

## चारधाम यात्रा (10 दिन)

श्री केदारनाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमनोत्री
श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रिगुणी नारायण

-रिजर्वेशन कोच-

17 सितम्बर 2026 से 26 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 07 अक्टुबर 2026 तक
12 अक्टुबर 2026 से 21 अक्टुबर 2026 तक
24 अक्टुबर 2026 से 02 नवम्बर 2026 तक

स्लीपर मात्र 14500/-

## रामेश्वरम् धाम यात्रा (10 दिन)

श्री रामेश्वरम, श्री तिरुपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन,
श्री महालक्ष्मी देवी,मदुरई कन्याकुमारी, श्री पद्मनाभ स्वामी,त्रिवेन्द्रम

-रिजर्वेशन कोच-

27 जुलाई 2026 से 06 अगस्त 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 तक
07 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 08 अक्टुबर 2026 तक

स्लीपर मात्र 17500/-,
2Ac-29500/- , 3Ac-35500/-

## कैलाश मान सरोवर यात्रा

-रिजर्वेशन कोच-

11 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक,
08 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 तक
20 सितम्बर 2026 से 02 अक्टुबर 2026 तक

स्लीपर मात्र 2,40,000/-

फलाईट - 3,05,000/-

## अमरनाथ यात्रा एवं माता वैष्णोदेवी

-रिजर्वेशन कोच-

07 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक
15 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक
21 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक
04 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026 तक

स्लीपर मात्र 13,500/-,
2Ac-25,500/- , 3Ac-22,500/-

## 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा (11 दिन)

द्वारकाधीश,भेंट द्वारका,शिर्डी सांई बाबा,महाकालेश्वर,ओमकारेश्वर
सोमनाथ,नागेश्वरा,घृश्नेश्वर,त्र्यंबकेश्वर,भीमाशंकर,शनिसिंगनापुर

-रिजर्वेशन कोच-

29 जुलाई 2026 से 08 अगस्त 2026 तक
12 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक
02 सितम्बर 2026 से 12 सितम्बर 2026 तक
30 सितम्बर 2026 से 10 सितम्बर 2026 तक

स्लीपर मात्र 16,500/-,
2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

## राजस्थान यात्रा

जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर,अजमेर,जैसलमेर,खाटूश्याम

-रिजर्वेशन कोच-

10 सितम्बर 2026 से 19 सितम्बर 2026 तक
15 अक्टुबर 2026 से 24 नवम्बर 2026 तक

स्लीपर मात्र 17,500/-,
2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

।। शर्तें लागू ।।
5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त
अधिक जानकारी के लिये सपंर्क करें

संपर्क- प्रवीण ठोम्बरे
तारिणी स्टुडियो, प्रथम तल, धनराज काम्पलेक्स
सराफा बाजार, मेन रोड,बालाघाट (म.प्र.)

मो. 9827945554, 8982078100


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटंगी जिला - बालाघाट (म.प्र.)

क्र./मंडी/तौलकांट/2026-27/259 कटंगी दिनांक- 11/07/2026

**।। निविदा आमंत्रण सूचना तृतीय आमंत्रण ।।**

कृषि उपज मंडी समिति कटंगी घ श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी0ओ0टी0) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक **2026_MPSAM_520567_1** के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 22.07.2026 को शाम 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म0प्र0 शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mp-tenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जायेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटंगी

## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*







क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोध सामान्य सर्जरी को भी चुनौतीपूर्ण बना रहा: विशेषज्ञ..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*एंटीबायोटिक समेत अन्य रोगाणुरोधी दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) अब आम सर्जरी को भी चुनौतीपूर्ण बना रहा है। शल्य चिकित्सकों का कहना है कि*



असरदार एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर होने से सुरक्षित सर्जरी के क्षेत्र में दशकों की तरक्की पर पानी फिर सकता है और सर्जरी के बाद जानलेवा संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। शल्य चिकित्सकों का कहना है कि सर्जरी वाली जगह पर संक्रमण को रोकने के लिए एंटीबायोटिक बहुत जरूरी हैं, लेकिन इनके अंधाधुंध इस्तेमाल से बैक्टीरिया आदि में एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोध बढ़ा है।

इससे अस्पतालों को एंटीबायोटिक के इस्तेमाल को लेकर सख्त नियम अपनाने पड़ रहे हैं और लंबे समय तक एंटीबायोटिक देने के बजाय संक्रमण से बचाव के तरीकों पर अधिक जोर देना पड़ रहा है। सीताराम भरतिया अनुसंधान एवं विज्ञान संस्थान में जनरल सर्जरी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमरचंद बजाज ने कहा कि आधुनिक सर्जरी जितनी सर्जिकल स्किल पर निर्भर करती है, उतनी ही असरदार एंटीबायोटिक्स पर भी।

बजाज ने कहा, 'चाहे अपेंडेक्टॉमी हो, पित्ताशय की सर्जरी हो या पेट की कोई बड़ी सर्जरी, प्रतिरोधक बैक्टीरिया की वजह से संक्रमण का इलाज नहीं हो पाने से मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं और मरीज को अधिक समय तक अस्पताल में रहना पड़ सकता है।'

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, कम और मध्यम आय वाले देशों में सर्जरी वाली जगह पर होने वाले संक्रमण सबसे आम स्वास्थ्यदेखभाल संबंधी संक्रमण हैं, जो सर्जरी कराने वाले 11 प्रतिशत मरीजों को प्रभावित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के वैश्विक दिशानिर्देश में सलाह दी गई है कि सर्जरी से पहले बचाव के तौर पर एंटीबायोटिक आमतौर पर चीरा लगाने से पहले दी जानी चाहिए और अधिकतर मामलों में सर्जरी के बाद इन्हें लगातार नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि लंबे समय तक इस्तेमाल से फायदा कम होता है और 'एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध' का खतरा बढ़ जाता है।

बजाज ने कहा कि मरीजों और कुछ स्वास्थ्य केंद्र में यह गलतफहमी अब भी बनी हुई है कि 'ज्यादा एंटीबायोटिक' का मतलब बेहतर सुरक्षा है। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आसुरी कृष्णा ने कहा, 'सर्जरी से पहले मुधमेह को नियंत्रित करना, धुम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना, ऑपरेशन थिएटर में साफ सफाई का सख्ती से पालन करना, समय पर एंटीबायोटिक देना और सर्जरी के बाद जल्द ही मरीज को चलाना-फिरना शुरू कराना, ये सभी संक्रमण रोकने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। सिर्फ एंटीबायोटिक देने से संक्रमण नियंत्रण के खराब तरीकों की भरपाई नहीं हो सकती।''

दुनिया भर में 'एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस' (एएमआर) पहले ही भारी नुकसान पहुंचा रहा है। 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक व्यापक रूप से चर्चित विश्लेषण का अनुमान है कि 2019 में 12.7 लाख मौतें सीधे तौर पर बैक्टीरिया जनित 'एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस' के कारण हुईं, जबकि 49.5 लाख मौतें दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया संबंधी संक्रमण से जुड़ी थीं।

इस तरह एएमआर दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बन गया है। दिल्ली स्थित एम्स के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. वी. के. बंसल ने कहा, 'जैसे-जैसे बैक्टीरिया दवा के प्रति ज्यादा प्रतिरोधी होते जा रहे हैं, मौजूदा एंटीबायोटिक की असरदार क्षमता को बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। हर सर्जन, हर अस्पताल और हर मरीज की यह सुनिश्चित करने में भूमिका है कि ये जीवन बचाने वाली दवाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए असरदार बनी रहें।'

भारत ने भी सर्जरी वाली जगह पर होने वाले संक्रमण (एसएसआई) पर व्यवस्थित रूप से नजर रखना शुरू कर दिया है। आईसीएमआर की अगुवाई में देश भर के अस्पतालों से जुड़े अध्ययन में पाया गया कि सर्जरी वाली जगह पर संक्रमण की कुल दर 5.2 प्रतिशत थी।

# कन्नौज में रेलिंग तोड़कर गंगा नदी में जा गिरा मैदे से लदा ट्रक, ड्राइवर सहित थे 3 लोग थे सवार; 1 लापता..

डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार तड़के 4 बजे एक ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे गंगा नदी में जा गिरा। ट्रक में सवार ड्राइवर, क्लीनर और व्यापारी डूबने लगे। देखते ही देखते मैदे की बोरियों से भरा ट्रक पानी में समा गया।*



हादसे के बाद स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। फिर, पुलिस और गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने ड्राइवर और व्यापारी को बचा लिया, लेकिन क्लीनर का पता नहीं चल पाया है। गोताखोर उसकी तलाश में लगे हुए हैं।

## कन्नौज-हरदोई को जोड़ने वाले मेहंदी घाट पुल पर हादसा..

सीओ सिटी शिल्पा वर्मा ने बताया कि ट्रक को निकालने के लिए SDRF और NHAI की टीम को बुलाया गया है। पुल कमजोर होने के कारण भारी मशीनों के इस्तेमाल में दिक्कत आ रही है। ये घटना जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर कन्नौज-हरदोई को जोड़ने वाले मेहंदी घाट पुल की है।

## ड्राइवर को झपकी आने से नदी में गिरा ट्रक..

बता दें कि हरदोई से ट्रक, मैदे की बोरियां लादकर रविवार तड़के औरैया के लिए निकला था। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि मेहंदी घाट पुल पर ड्राइवर को झपकी आ गई और ट्रक पुल की लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरा।

## व्यापारी और ड्राइवर को बचाने में मिली कामयाबी..

चश्मदीदों ने बताया कि हम लोग नदी में कुछ बड़ा गिरने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और देखा कि ट्रक सवार मदद के लिए चिल्ला रहे थे। इसके बाद हमने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुंची। इसके बाद गांववालों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से व्यापारी और ड्राइवर को बाहर निकाल लिया।

## हरदोई का रहने वाला है लापता विनीत..

पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कन्नौज मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों की पहचान औरैया के सहार निवासी व्यापारी संगीत कुमार और हरदोई के गुरौली निवासी ड्राइवर श्रवण कुमार के रूप में हुई। वहीं, लापता क्लीनर की पहचान हरदोई निवासी विनीत कुमार द्विवेदी पुत्र शिवकांत के तौर पर हुई है।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

# प्रेमिका की चाकू मारकर हत्या करने के बाद इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*हरियाणा के गुरुग्राम में एक इंजीनियर ने अपनी प्रेमिका की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी और उसके बाद एक ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।*



पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी श्रेष्ठ मलिक (25) और उसकी प्रेमिका इशारा अयूबी (25) के रूप में हुई है। अयूबी उत्तर प्रदेश के सीतापुर की रहने वाली थी। दोनों गुरुग्राम की एक ही निजी कंपनी में काम करते थे। मलिक सेक्टर-55 स्थित एक पीजी (पेइंग गेस्ट) आवास में रहता था। यह घटना तब सामने आई जब अयूबी के परिवार वालों ने उससे संपर्क न हो पाने पर शनिवार को सेक्टर-56 थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अयूबी के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की, जो सेक्टर-55 में मलिक के पीजी की मिली। पड़ोसियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया। कमरे के अंदर अयूबी का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था और चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। प्रारंभिक जांच से संकेत मिला है कि उसकी चाकू मारकर हत्या की गई थी। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास पटरियों से पहले ही एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव दो टुकड़ों में कट गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से बरामद मोबाइल फोन से उसकी पहचान श्रेष्ठ मलिक के रूप में हुई, जिससे दोनों मामले आपस में जुड़ गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अयूबी घटना से तीन दिन पहले ही मलिक के साथ पीजी में रहने आई थी। सेक्टर-56 के थाना प्रभारी (एसएचओ) निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा, 'हम मामले के हर पहलू की जांच कर रहे हैं।

दोनों व्यक्तियों के बीच संबंधों की प्रकृति और इस घटना के पीछे के कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो पाएगा।' उन्होंने कहा, 'पुलिस उनके मोबाइल फोन, कॉल डिटेल, चैट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।'

# डूंगरपुर में नदी नहाने गए 6 लोग डूबे

## 2 बच्चों को बचाया, 4 की मौत, सभी एक ही परिवार के थे..



डेस्क जगप्रेरणा।

राजस्थान के डूंगरपुर जिले में नदी में नहाने गए चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में एक युवक, दो युवतियां और एक 15 साल की लड़की शामिल है। इनके साथ दो लड़के भी डूबे थे, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। घटना धंबोला थाना क्षेत्र की है। यहां लिखी बड़ी गांव में रविवार सुबह खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। नदी पर नहाने गए छह बच्चों में से चार की डूबने से मौत हो गई है। नदी में डूबने से चार जिंदगियां हमेशा-हमेशा के लिए खामोश हो गईं।

मिली जानकारी के अनुसार लिखी बड़ी गांव के रहने वाले बच्चे और उनके घर आए कुछ मेहमान आज सुबह नदी पर नहाने गए थे, लेकिन किसे पता था कि ये मौज-मस्ती चंद मिनटों में काल के गाल में समा जाएगी। नहाते समय गहरे पानी होने की वजह से बच्चे डूबने लगे। जानकारी के अनुसार तीन सगे भाई-बहन समेत 6 बच्चे एनीकट में नहाने गए थे। अचानक पानी में फंस जाने से सभी डूब गए। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और 2 बच्चों को समय रहते बचा लिया। बाकी 4 बच्चों के शव पुलिस और ग्रामीणों की मदद से निकाले गए। शवों को सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## चार लोगों की डूबने से मौत..

हादसे में लिखी बड़ी निवासी 15 साल की इशिता, 20 साल का प्रतीक और 24 साल की हिना डामोर की डूबने से मौत हो गई। वहीं, इनके घर गुजरात के पालनपुर से मेहमान आई 20 साल की रोनक परमार की भी पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। एक ही परिवार और रिश्तेदारों में चार मौतों से पूरे इलाके में कोहराम मच गया। इस हादसे में दो बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। पालनपुर, गुजरात के रहने वाले 15 वर्षीय राजवीर और मेहसाणा, गुजरात के 11 वर्षीय जयसिंह को मौके पर सूझबूझ दिखाते हुए डूबने से बचा लिया गया, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा..

घटना की सूचना मिलते ही धंबोला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। चारों मृतकों के शवों को सीएचसी सीमलवाड़ा की मोर्चरी में शिफ्ट कराया गया है। फ्लिहाल मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हर किसी को झकझोर कर रख दिया है।

# पटना के राजेंद्र नगर रेलवे कोचिंग कॉम्प्लेक्स में भीषण आग, 6 घंटे बाद पाया गया काबू..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बिहार की राजधानी पटना के राजेंद्र नगर के रेलवे कोचिंग कॉम्प्लेक्स में 12 जुलाई 2026 दिन रविवार सुबह भीषण आग लग गयी। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।*



आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते उसने भवन के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की 15 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## कोचिंग कॉम्प्लेक्स से धुआं और आग की लपटें..

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह कोचिंग कॉम्प्लेक्स से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, आसपास के कई थानों की पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड के तीनों डिवीजन से अतिरिक्त दमकल वाहनों को बुलाया। दमकल कर्मियों ने लगातार कई घंटों तक अभियान चलाकर आग को अन्य इमारतों तक फैलने से रोका।

## रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे..

घटना की सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारण आसपास के इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र को घेरकर लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## दमकल विभाग की 15 से ज्यादा गाड़ियां थीं मौके पर मौजूद..

फायर ब्रिगेड के अधिकारी गया सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 4 बजे मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 से अधिक गाड़ियों को मौके पर भेजी। सभी टीमों के संयुक्त प्रयास से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, लेकिन वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

इस मामले को लेकर राजेंद्र नगर जीआरपी प्रभारी दीप नारायण यादव ने बताया कि रेलवे यार्ड के बगल में पावर ग्रिड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इससे रेलवे के केवल और एक ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा है। अभी कुछ दिन पहले पटना के दीदारगंज क्षेत्र में एक गोदाम में भीषण आग लग गई है जिसमें लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था।

# बारिश का कीचड़ उछलने पर भड़का विवाद

## 5 नाबालिगों ने शख्स को चाकू से हमला करके मार डाला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 9 जुलाई को एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पांच बच्चों को पुलिस ने पकड़ा है।*




बताया जा रहा है कि गलती से कुछ लड़कों पर कीचड़ उछलने के बाद उन्होंने 34 साल के बंसी लाल की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। फिलहाल पुलिस ने पांच नाबालिगों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## बेहोशी की हालत में मिला था शख्स..

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित पुरानी दिल्ली की लाला लाजपत राय मार्केट में एक CCTV की दुकान पर काम करता था। उन्होंने बताया कि केशव पुरम की तरफप्रेम बारी पुल के पास कुछ दिन पहले वह बेहोशी की हालत में मिला था। उसके सीने, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू के कई घाव थे। आनन-फानन में उसे तुरंत दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया।

## गलती से कीचड़ उछलने पर हुआ विवाद..

पुलिस के अनुसार, नहर के पास का इलाका कीचड़ और गंदगी से भरा रहता था और अक्सर लोग वहां खुले में शौच करते थे। घटना वाले दिन बंसी लाल कीचड़ वाली जगह से गुजर रहा था। इसी दौरान गलती से वहां से गुजर रहे लड़कों के एक समूह पर कीचड़ उछल गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई। देखते ही देखते यह बहस हिंसक झड़प में तब्दील हो गई।

## चाकू से हमला करके की हत्या..

पुलिस ने बताया कि झगड़े के दौरान, कथित तौर पर नाबालिगों में से एक ने चाकू निकाला और बंसी लाल पर कई बार चाकू से हमला कर दिया। उसके साथ मौजूद अन्य लड़कों ने उसकी मदद की और हमले में उसका साथ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी लड़के मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## पांचों नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा..

घटना की जांच करते हुए पुलिस ने इलाके में लगे तमाम CCTV फुटेज खंगाले। इसके अलावा पुलिस ने स्थानीय जानकारी के आधार पर उन पांचों नाबालिगों की पहचान की। बाद में पुलिस ने पांचों नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस की टीम आरोपी नाबालिगों से पूछताछ में जुटी हुई है।

# उत्तर प्रदेश की दुकानों से शराब खरीदकर बिहार में दोगुने दाम पर बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तर प्रदेश की दुकानों से अंग्रेजी शराब खरीदकर बिहार में दोगुनी कीमत पर बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की कार से 675 बोतल अंग्रेजी शराब भी बरामद की।*

भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव त्यागी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान जौनपुर निवासी विजय शंकर प्रजापति (20) और ज्ञानपुर (भदोही) के रहने वाली कृष्ण कुमार चौहान (34) तथा रमाशंकर चौहान (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस कांवड़ियों के लिए प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर सुरक्षित की गई एक लेन और रास्ते में लगने वाले शिविर व स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रही थी, तभी औराई थाना क्षेत्र के एक ओवरब्रिज पर हाईवे से गुजर रही एक कार के आगे एक बाइक सवार अचानक रुककर उसे वापस जाने का इशारा करने लगा। त्यागी के मुताबिक, पुलिस ने संदेह के आधार पर दोनों वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली, जिसमें कार से 675 बोतल में कुल 221 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में कार और बाइक सवारों ने खुलासा किया कि पहले उनका गिरोह पंजाब और हरियाणा से शराब की तस्करी कर बिहार में बेचता था और अच्छा-खासा मुनाफा कमाता था। त्यागी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि हाईवे पर कई बार पकड़े जाने के बाद तस्कर उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से शराब खरीदकर बिहार के जिलों में ऊंचे दामों पर बेचने लगे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने यह शराब भदोही के गोपीगंज क्षेत्र की एक दुकान से खरीदी थी और इसे ऊंची कीमतों पर बेचने के लिए बिहार ले जा रहे थे।







जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## यास्तिका भाटिया ने रचा कीर्तिमान, लॉर्ड्स में टेस्ट सेंचुरी जड़ने वाली बनीं दुनिया की पहली महिला बल्लेबाज..

डेस्क जगप्रेरणा।

*क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स मैदान पर भारतीय महिला क्रिकेट की नई इबारत लिखी गई। विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शानदार शतक जड़कर इतिहास रच दिया।*



वह लॉर्ड्स में महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। 25 साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका ने तीसरे दिन 145 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनकी इस शानदार पारी में 12 चौके शामिल रहे। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल क्रिकेट में भी पहला शतक है।

### पहली गेंद पर मिला था जीवनदान..

लॉर्ड्स टेस्ट में तीसरे दिन यास्तिका किस्मत को अपनी पहली ही गेंद पर किस्मत का साथ मिला। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की पहली ही गेंद उनके ऑफस्टंप से टकराई, लेकिन बेल्स नहीं गिरीं और वह आउट होने से बच गईं। जीवनदान मिलने के बाद यास्तिका ने कोई गलती नहीं की और धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए ऐतिहासिक शतक पूरा कर लिया। यह मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जा रहा पहला महिला टेस्ट है और यास्तिका ने इसे और भी यादगार बना दिया।

### क्रांति गौड़ के बाद यास्तिका ने रचा इतिहास..

इस टेस्ट मैच में भारत की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेकर पहले ही लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर जगह बना ली थी। अब यास्तिका भाटिया ने शतक लगाकर ऐतिहासिक कीर्तिमान रच दिया।

लगातार दो दिनों में दो भारतीय महिला खिलाड़ियों का ऑनर्स बोर्ड पर पहुंचना भारतीय महिला क्रिकेट के लिए बेहद खास उपलब्धि माना जा रहा है। यास्तिका की यह पारी ऐसे समय आई, जब भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उन्होंने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों को लंबे समय तक परेशान किया और आखिरकार इतिहास रच दिया। यास्तिका भाटिया 113 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। उन्होंने अपनी पारी में 158 गेंदों का सामना किया और 14 चौके जड़े।

सोफी एक्लेस्टोन ने 73वें ओवर में 287 रन के स्कोर पर यास्तिका को अपना चौथा शिकार बनाया। गौरतलब है कि टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 300 से ज्यादा रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं और बढ़त 400 के पार चली गई है।

## हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार दिशा पाटनी, ऑस्कर विनिंग डायरेक्टर की फिल्म में आएंगी नजर, बताया शूटिंग का अनुभव..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी इन दिनों देश के साथ-साथ विदेशों में भी सुर्खियां बटोर रही हैं क्योंकि बॉलीवुड के बाद अब वह हॉलीवुड फिल्म में धूम मचाती नजर आने वाली हैं। हाल ही में दिशा 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आई थीं*



और अब वह हॉलीवुड डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह ऑस्कर विनिंग डायरेक्टर केविन स्पेसी की अपकमिंग फिल्म 'हॉलीगार्ड सागाः द पोर्टल ऑफ फोर्स' से हॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, जिसके बारे में उन्होंने हाल ही में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑस्कर विनिंग डायरेक्टर केविन स्पेसी के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया।

### दिशा पाटनी का हॉलीवुड डेब्यू..

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, अली फजल और तब्बू जैसे कलाकारों के नक्शेकदम पर चलते हुए, दिशा पाटनी भी अब हॉलीवुड में कदम रख चुकी हैं। दिशा ऑस्कर विजेता केविन स्पेसी के निर्देशन में बन रही सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागाः द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। अब दिशा ने हाल ही में केविन स्पेसी के साथ काम करने और अपनी हॉलीवुड जर्नी के बारे में बात की और बताया कि कैसे हॉलीवुड फिल्मों में एंट्री ऑडिशन पर निर्भर करता है। अगर आपको पश्चिमी देशों के सिनेमा में एंट्री चाहिए तो ऑडिशन देना अनिवार्य है। दिशा के अनुसार, भारत में रहकर ग्लोबल प्रोजेक्ट्स में एंट्री की उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

### केविन स्पेसी के बारे में क्या बोलीं दिशा पाटनी?

'वैरायटी इंडिया' से बात करते हुए दिशा पाटनी ने अपनी हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'हॉलीगार्ड सागा' के निर्देशक केविन स्पेसी के बारे में भी खुलकर बात की। केविन स्पेसी की तारीफकरते हुए दिशा ने कहा, 'वह कमाल के हैं। वह खुद भी एक एक्टर हैं, जिसके चलते वह दूसरे एक्टर्स को समझते हैं। वह कलाकारों को एक्सपेरिमेंट की काफी आजादी देते हैं। शूटिंग के दौरान वह हमसे अक्सर कहते थे कि अपने अनुभवों का इस्तेमाल करो। वो हमें खुद से ऐसे सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'अगर आप इस सिचुएशन में हुए तो कैसे रिएक्ट करेंगे?' क्या आप ये कर सकते हैं? या फिर अगर आपके साथ ऐसा होता है तो आपको कैसा महसूस होगा?'

वह अपने किरदार को समझने के लिए कलाकारों को पूरी क्रिएटिव फ्रीडम देते हैं। हर सुबह, वह शूटिंग से पहले हमारे साथ बैठते थे और फिर सीन समझाते थे। मुझे यह बहुत खास लगा।'

### भारत में बैठकर ग्लोबल रोल पाना आसान नहीं..

इसी दौरान दिशा पाटनी ने बताया कि उन्हें इस फिल्म में एंट्री कैसे मिली। एक्ट्रेस ने अपने हॉलीवुड डेब्यू और ऑडिशन प्रोसेस के बारे में बात करते हुए कहा, 'पश्चिमी देशों में ऑडिशन टेम्प्लेट सबसे ज्यादा अहम चीज है। अगर आपको काम चाहिए तो आपको रोल के लिए ऑडिशन देना होगा। हालांकि, किस्मत भी कई बार अहम भूमिका निभाती है। कभी-कभी वे (हॉलीवुड फिल्ममेकर्स) आपका काम देखकर ही आपको कोई प्रोजेक्ट या ऑडिशन ऑफर कर देते हैं। और हां ये आपके वीजा और लॉजिस्टिक्स से जुड़े अन्य मामलों पर भी निर्भर करता है, क्योंकि आपको वहां फिजिकली मौजूद रहना होता है। आपको भारत में बैठे-बैठे ग्लोबल रोल नहीं मिलेंगे। हां, आप यहां से ऑडिशन दे सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा है कि आप वहां जाएं, वहां के तौर-तरीके सीखें और उस पर काम करें। मुझे लगता है किसी भी देश में काम करने का यही तरीका सबसे अच्छा तरीका है।'

## भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बीच इंग्लैंड को लगा झटका, हीथर नाइट ने इंटरनेशनल क्रिकेट से किया संन्यास का ऐलान...

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच में लॉर्ड्स के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले की बीच में इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान हीथर नाइट ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया।*




इंग्लैंड के लिए ये एक बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि हीथर नाइट उनकी प्रमुख बल्लेबाजों में से एक हैं। नाइट ने अपने ऐलान के साथ साफ कर दिया कि भारतीय टीम के खिलाफखेला जा रहा टेस्ट मुकाबला उनके इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच होगा। हीथर नाइट के अलावा लॉर्ड्स टेस्ट मैच का आगाज होने से पहले टैमी ब्यूमोंट ने भी अपने संन्यास का ऐलान करने के साथ इसे आखिरी मुकाबला बताया था।

### मैंने जो सफर तय किया उसके लिए आभारी हूं..

इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान करने के साथ कहा कि एक इंग्लैंड क्रिकेटर के तौर पर जो सफर मैंने तय किया है उसके लिए मैं सभी का काफी आभारी हूं और अपने आप को भाग्यशाली मानती हूं।

बीते 16 साल से जो लोग और ड्रेसिंग रूम मेरी जिंदगी का हिस्सा था उससे दूर जाना बहुत मुश्किल है। हीथर नाइट के करियर को लेकर बात की जाए तो उन्होंने साल 2017 में लॉर्ड्स के मैदान पर भारतीय टीम के खिलाफखेले गए फाइनल मुकाबले में अपनी कप्तानी में इंग्लैंड को विजेता बनाया था।

हीथर नाइट ने साल 2010 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था जिसमें उन्होंने 199 मैचों में इंग्लैंड टीम की कप्तानी की। नाइट ने 160 वनडे मैचों में 4372 रन बनाए जिनमें तीन शतक और 27 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। वहीं 145 टी20 मैचों में हीथर नाइट ने खेलते हुए 2656 रन बनाए हैं। इसके अलावा 15 टेस्ट में नाइट ने 976 रन बनाए हैं जिसमें अभी इजाफा हो सकता है।

### लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड की हालत खराब..

भारतीय महिला टीम के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले में 2 दिनों का खेल खत्म होने के बाद इंग्लैंड की हालत काफी खराब देखने को मिल रही है। इस मैच में टीम इंडिया अपनी पहली पारी में 285 रनों का स्कोर बनाकर सिमट गई थी। इसके बाद इंग्लैंड महिला टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 170 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई जिसमें टीम इंडिया की तरफसे क्रांति गौड़ ने 5 विकेट हासिल किए।

वहीं दिन का खेल खत्म होने पर भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 154 रन बना लिए थे और उनकी कुल बढ़त 269 रनों की हो गई थी। ऐसे में अब इंग्लैंड महिला टीम के लिए मुकाबले में वापसी का रास्ता काफी मुश्किल दिख रहा है।

## 'मेरा घर पब्लिक टॉयलेट जैसा था', गरीबी और संघर्ष के दिनों को याद कर भावुक हुए राजीव ठाकुर, एक कमरे के घर में किया गुजारा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*एक्टर और कॉमेडियन राजीव ठाकुर अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए काफी मशहूर हैं। वह कई बार कपिल शर्मा के चर्चित कॉमेडी शो में भी नजर आ चुके हैं।*



लेकिन, अक्सर दर्शकों को अपनी बातों से ठहाके लगवाने वाले राजीव ठाकुर की अपनी जिंदगी काफी मुश्किलों भरी रही है। हाल ही में एक्टर ने अपने संघर्ष के दिनों के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनका बचपन कितना मुश्किलों भरा रहा। वह एक कमरे के घर में पले-बढ़े और उनका बचपन बेहद गरीबी में गुजरा। अभिनेता ने अपने घर के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका घर किसी 'पब्लिक टॉयलेट जैसा लगता था।'

### कई बार बैक स्टेज रोए राजीव ठाकुर..

राजीव ठाकुर ने वैभव मुंजाल के पॉडकास्ट में अपने दुखों को कॉमेडी में बदलने की सलाह के बारे में भी खुलकर बात की।

उन्होंने कहा- 'अक्सर लोग कॉमेडियन को सलाह देते हैं कि अपने संघर्ष और दुखों को स्टैंड अप मैटेरियल में बदलो, लेकिन मैं जब भी ऐसा करने की कोशश करता था, मेरी बचपन की यादें ताजा हो जाती थीं और कई बार तो मैं स्टेज के पीछे जाकर रोने लगता था।'

### एक कमरे के घर में बाथरूम-किचन..

राजीव ने अपने संघर्षों को याद करते हुए कहा - 'ये पूरी तरह से फिल्मी कहानी जैसा था। मम्मी-पापा की शादी के बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया था और वे रातों-रात आरामदायक घर से एक कमरे वाले घर में आ गए। उस एक कमरे में ही हमारा बेडरूम, किचन, लिविंग रूम और बाथरूम था। वहीं हम तीन भाई-बहन पैदा हुए और पले-बढ़े। बाथरूम भी एक ही था तो अगर कोई नहा रहा होता था तो बाकि के 4 लोगों को बाहर ही इंतजार करना पड़ता था। ऐसा लगता था, जैसे कोई पब्लिक टॉयलेट है।'

### राजीव ठाकुर का करियर..

राजीव ठाकुर के करियर की बात करें तो उन्होंने कई कॉमेडी शोज के साथ ही कई टीवी शोज और फिल्मों में भी काम किया है। राजीव ठाकुर को कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से पहचान मिली और फिर वह 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' जैसे शोज में भी दिखाई दिए, जिसने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। टीवी के अलावा उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया, जिनमें नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'आईसी 814ः द कंधार हाईजैक' और 'लोहेरिये' जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

## फीफा वर्ल्ड 2026 में सेमीफाइनल मैचों का शेड्यूल हुआ तय, अर्जेंटीना के सामने होगी इंग्लैंड की चुनौती..

डेस्क जगप्रेरणा।

*फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 12 जुलाई को क्वार्टर फाइनल स्टेज के आखिरी दो मुकाबले खेले गए जिसमें इंग्लैंड की टीम ने नॉर्वे के खिलाफ मैच को 2-1 से अपने नाम करने के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया। वहीं इसके बाद अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड के*



बीच में खेले गए क्वार्टर फाइनल के आखिरी मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन का दबदबा देखने को मिला जिसमें उन्होंने 3-1 के अंतर से जीत हासिल करने के साथ सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया। इसी के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों का नाम तय हो गया है, जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला 15 जुलाई को फ्रांस और स्पेन की टीम के बीच में खेला जाएगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अर्जेंटीना और इंग्लैंड की टीम के बीच में 16 जुलाई को होगा।

### स्पेन का रहा है अब तक फ्रांस के खिलाफ पलड़ा भारी..

पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्पेन और फ्रांस की टीम के बीच में भारतीय समयानुसार 15 जुलाई की रात 12:30 पर स्पेन और फ्रांस की टीम के बीच में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच में हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो उसमें स्पेन की टीम का पलड़ा भारी रहा है। स्पेन और फ्रांस के बीच में अब तक कुल 38 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें स्पेन की टीम 18 मैचों को जीतने में कामयाब रही है तो वहीं फ्रांस की टीम 13 मैचों को ही जीत सकी तो वहीं 7 मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। दोनों टीमों के बीच में फीफा वर्ल्ड कप में अब तक एकबार आमना-सामना हुआ है जिसमें साल 2016 में राउंड 16 में मुकाबला खेला गया था। इस मैच को फ्रांस की टीम 3-1 से अपने नाम करने में कामयाब रही थी।

### इंग्लैंड के सामने डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना की चुनौती..

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में भी अपने शानदार खेल के दम पर सेमीफाइनल में अपने सफर को पहुंचा लिया है, जहां पर उनका नाम इंग्लैंड की टीम से होगा। दोनों टीमों के बीच में ये मुकाबला भारतीय समयानुसार 16 जुलाई की रात 12:30 बजे अटलांटा के स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम ने साल 1966 के वर्ल्ड कप में वेस्ट जर्मनी को फाइनल मुकाबले में 4-2 के अंतर से मात देकर खिताब जीता था।

इसके बाद वह अब तक सिर्फ तीसरी बार ही सेमीफाइनल तक पहुंचने में कामयाब हो सके हैं। साल 1990 में उन्हें जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 1-1 से हार का सामना करना पड़ा था तो वहीं साल 2018 में उन्हें क्रोएशिया ने सेमीफाइनल में 2-1 के अंतर से मात दी थी। अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच में वर्ल्ड कप में हेड टू हेड देखा जाए तो उसमें दोनों टीमों के बीच में 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें इंग्लैंड तीन को जीतने में कामयाब रहा है तो अर्जेंटीना ने 2 मैच अपने नाम किए हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

## 'लॉकअप 2' से बाहर हुईं सुनीता आहूजा, मेनोपॉज से गुजर रहीं गोविंदा की पत्नी, बिगड़ी सेहत, डायबिटीज भी कंट्रोल से बाहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*सुनीता आहूजा पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले दिनों ही नेटफ्लिक्स के रियेलिटी शो 'लॉकअप 2' में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली थी, जिसके होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख हैं।*




शो के दौरान सुनीता आहूजा का बेबाक अंदाज देखने को मिला और दर्शकों को उनकी पर्सनैलिटी खूब पसंद आई। लेकिन अब लॉकअप 2 से सुनीता आहूजा का सफर खत्म हो चुका है। शनिवार को शो का जजमेंट डे था और इस दिन शो से एक नहीं दो कंटेस्टेंट बाहर हो गए। एकता कपूर के शो से सुनीता आहूजा और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर रियाज अली बाहर हो गए। सुनीता आहूजा, स्वास्थ्य संबंधी कारणों से शो से बाहर हो गईं और खुद गोविंदा और उनकी बेटी टीना आहूजा उन्हें लेने पहुंचे।

### मेनोपॉज से गुजर रहीं सुनीता आहूजा..

'लॉकअप 2' से बाहर होने से पहले सुनीता आहूजा ने फराह और रितेश से कहा- 'मैं बस ये देखना चाहती थी कि रियेलिटी शो कैसे होते हैं। अब पता चल चुका है कि ये शो मेरे लिए नहीं है। मेरी हेल्थ ठीक नहीं है, मेरा डायबिटीज भी कंट्रोल से बाहर है। मैं मेनोपॉज के दौर से गुजर रही हूं, जिसके चलते मुझे घबराहट भी हो रही है। मुझे सांस लेने में तकलीफहो रही है और सीने में दर्द हो रहा है, इसलिए मैं अब इस शो से बाहर होने की गुजारिश कर रही हूं। मैं अब जाना चाहूंगी।'

### राम कपूर बने दोस्त, शिल्पा पर भड़कीं..

शो से बाहर होने के बाद सुनीता आहूजा ने स्क्रीन के साथ बातचीत करते हुए बताया कि अब उनकी सेहत ठीक है और इसी दौरान उन्होंने लॉकअप 2 में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। सुनीता कहती हैं- 'बाहर आने के बाद मैं बेहतर महसूस कर रही हूं। लॉकअप में मेरा सफर अच्छा रहा, कई दोस्त बनाए मैंने। राम कपूर मेरे अच्छे दोस्त बन गए और कई युवा भी मेरे दोस्त बने।

अगर मुझे हेल्थ इश्यूज नहीं होते तो शायद मैं शो में बनी रहती। मगर कुछ ठीक नहीं रहा। शिल्पा शिंदे पहले दिन ही मेरे साथ उलझ गईं और अपनी सारी इज्जत खो दी। उन्होंने गलती की। अपनी गरिमा बनाए रखना आपके अपने हाथ में होता है। शिल्पा ने मुझे उकसाने की कोशिश की, लेकिन आखिरी में उन्हें खुद ही बुरा-भला सुनना पड़ा।'

### बेटे यश संग सुनीता आहूजा का डेब्यू..

बता दें, सुनीता आहूजा अब बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। सुनीता, एकता कपूर की फिल्म से अपने बेटे यश आहूजा के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। इसके बारे में खुद एकता ने खुलासा किया और कहा- 'एकता मुझे और मेरे बेटे को लॉन्च कर रही हैं। मैं फिल्म में यश की मां के रोल में ही नजर आऊंगी। ये फिल्म सितंबर में रिलीज होगी। ये मेरी भी डेब्यू फिल्म है, लेकिन मैं अभी इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती।'

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## बुलिंग: बच्चों की मुस्कान छीनने वाली गंभीर सामाजिक समस्या..

बुलिंग आज के समय की सबसे गंभीर सामाजिक और शैक्षणिक चुनौतियों में से एक बन चुकी है। अक्सर लोग इसे बच्चों की सामान्य शरारत, आपसी नोकझोंक या मज़ाक का हिस्सा मान लेते हैं, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक गंभीर है। जब किसी बच्चे को बार-बार जानबूझकर मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक या सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, तो उसे बुलिंग कहा जाता है। यह केवल किसी का मज़ाक उड़ाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि किसी को अपमानित करना, डराना, धमकाना, मारना, उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाना, उसे समूह से अलग-थलग करना या सोशल मीडिया के माध्यम से बार-बार परेशान करना भी बुलिंग के ही रूप हैं।

किसी बच्चे को उसके रंग, रूप, कद, वजन, पहनावे, भाषा, आर्थिक स्थिति, धर्म, जाति, पढ़ाई, शारीरिक कमजोरी या किसी अन्य व्यक्तिगत विशेषता के कारण नीचा दिखाना भी बुलिंग की श्रेणी में आता है। कई बार यह व्यवहार इतना सामान्य बना दिया जाता है कि पीड़ित बच्चा स्वयं भी यह समझ नहीं पाता कि वह लगातार मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहा है। धीरे-धीरे यह व्यवहार उसके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालने लगता है।

सबसे दुखद बात यह है कि बुलिंग का शिकार बनने वाले अधिकांश बच्चे अपनी पीड़ा किसी से साझा नहीं कर पाते। उन्हें डर रहता है कि यदि उन्होंने किसी शिक्षक, माता-पिता या अन्य व्यक्ति को बताया, तो उन्हें और अधिक परेशान किया जाएगा। कुछ बच्चों को यह भी लगता है कि कोई उनकी बात पर विश्वास नहीं करेगा या उन्हें ही दोषी ठहराया जाएगा। कई बच्चे अपने माता-पिता को चिंता में नहीं डालना चाहते, इसलिए वे चुपचाप सब कुछ सहते रहते हैं। यह चुप्पी कई बार उनके भीतर गहरे मानसिक तनाव, भय और अकेलेपन को जन्म देती है।

ऐसे बच्चों के व्यवहार में धीरे-धीरे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। जो बच्चा पहले खुश रहता था, वह अचानक उदास रहने लगता है। उसे स्कूल जाने से डर लगने लगता है, पढ़ाई में रुचि कम हो जाती है, मित्रों से दूरी बढ़ जाती है और वह अकेले रहना पसंद करने लगता है। कई बार बच्चों की नींद प्रभावित होती है, वे बार-बार बीमार पड़ने का बहाना बनाते हैं या बिना किसी स्पष्ट कारण के चिड़चिड़े हो जाते हैं। यदि इन संकेतों को समय रहते समझ लिया जाए, तो किसी बड़ी समस्या को टाला जा सकता है। इसलिए माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार में आने वाले ऐसे परिवर्तनों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

विद्यालय की भूमिका इस पूरे विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। स्कूल केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान देने का स्थान नहीं है, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और सकारात्मक वातावरण तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी है। प्रत्येक विद्यालय में स्पष्ट और प्रभावी एंटी-बुलिंग नीति होनी चाहिए, जिससे बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को यह पता हो कि बुलिंग की स्थिति में क्या कदम उठाए जाएंगे। शिक्षकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे बुलिंग के संकेतों को पहचान सकें और समय रहते उचित हस्तक्षेप कर सकें। यदि कोई बच्चा शिकायत करता है, तो उसकी बात को हल्के में लेने के बजाय पूरी संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ उसकी जांच की जानी चाहिए।

बुलिंग को रोकने के लिए विद्यालयों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और संवाद सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। बच्चों को यह सिखाया जाना चाहिए कि सम्मान, सहानुभूति और सहयोग जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य हैं। यदि किसी छात्र के साथ गलत व्यवहार हो रहा हो, तो अन्य विद्यार्थियों को भी चुप दर्शक बनने के बजाय उसकी सहायता करने और शिक्षक को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। जब पूरा विद्यालय बुलिंग के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होगा, तभी सुरक्षित वातावरण का निर्माण संभव होगा।

माता-पिता की जिम्मेदारी भी किसी विद्यालय से कम नहीं है। बच्चों के साथ प्रतिदिन कुछ समय बिताना, उनकी भावनाओं को समझना और उनकी बातें ध्यान से सुनना अत्यंत आवश्यक है। केवल परीक्षा, अंक और पढ़ाई की चर्चा करना पर्याप्त नहीं है। बच्चों से उनके मित्रों, स्कूल के अनुभवों और दैनिक जीवन के बारे में भी खुलकर बातचीत करनी चाहिए। यदि बच्चा किसी परेशानी का उल्लेख करे, तो उसे डाँटने, दोष देने या उसकी बात को नज़रअंदाज़ करने के बजाय धैर्यपूर्वक सुनना चाहिए। बच्चे को यह विश्वास होना चाहिए कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, उसके माता-पिता हमेशा उसके साथ हैं।

समाज की भूमिका भी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण है। अक्सर लोग सोचते हैं कि बच्चों के बीच होने वाली घटनाएँ सामान्य हैं और समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। लेकिन जब कोई बच्चा रोज़-रोज़ अपमान, भय और अकेलेपन का सामना करता है, तब समाज की चुप्पी भी एक प्रकार की असंवेदनशीलता बन जाती है। यदि किसी पड़ोस, स्कूल या सार्वजनिक स्थान पर किसी बच्चे के साथ बार-बार गलत व्यवहार होता दिखाई दे, तो हमें संवेदनशील नागरिक के रूप में आगे आना चाहिए। समय पर किया गया छोटा-सा हस्तक्षेप भी किसी बच्चे का जीवन बदल सकता है।

आज डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग ने बुलिंग का एक नया रूप सामने ला दिया है, जिसे साइबर बुलिंग कहा जाता है। सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी का मज़ाक उड़ाना, अपमानजनक टिप्पणियाँ करना, झूठी अफवाहें फैलाना, फोटो या वीडियो के साथ छेड़छाड़ करना, धमकी देना या किसी की निजी जानकारी साझा करना साइबर बुलिंग के उदाहरण हैं। यह बुलिंग इसलिए और भी खतरनाक होती है क्योंकि यह चौबीसों घंटे किसी भी समय हो सकती है और इसका प्रभाव बहुत तेजी से फैलता है। इसलिए बच्चों को डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन शिष्टाचार और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की शिक्षा देना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

हमें अपने बच्चों को केवल प्रतियोगिता में आगे बढ़ने की नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनने की शिक्षा भी देनी होगी। उन्हें यह समझाना होगा कि किसी का मज़ाक उड़ाना, उसे अपमानित करना या उसकी कमजोरियों का फायदा उठाना कभी भी साहस का परिचायक नहीं होता। वास्तविक साहस दूसरों का सम्मान करने, उनकी भावनाओं को समझने और जरूरत पड़ने पर उनका साथ देने में है। जब बच्चे बचपन से ही सहानुभूति, करुणा और समानता जैसे मूल्यों को अपनाते हैं, तब वे समाज के अच्छे नागरिक बनते हैं।

हाल के वर्षों में बच्चों से जुड़ी कई दुखद घटनाओं ने पूरे समाज को यह सोचने पर मजबूर किया है कि बच्चों की मानसिक और भावनात्मक सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। किसी भी घटना का अंतिम सत्य जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आता है, इसलिए किसी विशेष मामले पर निष्कर्ष निकालने से बचना चाहिए। लेकिन हर ऐसी घटना हमें यह अवश्य सिखाती है कि बच्चों की भावनाओं को कभी भी छोटी बात समझकर अनदेखा नहीं करना चाहिए। हर आँसू के पीछे कोई कारण होता है और हर चुप्पी के पीछे कोई अनकही कहानी छिपी हो सकती है। यदि समय रहते बच्चों की बात सुनी जाए, उनके व्यवहार में आए बदलावों को समझा जाए और उन्हें उचित सहयोग दिया जाए, तो अनेक दुखद परिस्थितियों को रोका जा सकता है।

आइए, हम सभी–माता-पिता, शिक्षक, विद्यालय, प्रशासन और समाज–मिलकर यह संकल्प लें कि किसी भी बच्चे को डर, अपमान, हिंसा और अकेलेपन के साथ जीने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक, प्रेमपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण मिलना उसका अधिकार है। जब भी हमें कहीं बुलिंग दिखाई दे या उसका थोड़ा-सा भी संदेह हो, हमें चुप नहीं रहना चाहिए।

हमारी एक संवेदनशील पहल, एक सही निर्णय और समय पर किया गया सहयोग किसी बच्चे का आत्मविश्वास ही नहीं, बल्कि उसका भविष्य भी सुरक्षित कर सकता है। बुलिंग-मुक्त समाज का निर्माण केवल कानूनों से नहीं, बल्कि हमारी जागरूकता, संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी से ही संभव है।


लेखक



हरीश नाग
चांगोटोला, बालाघाट


## श्रमिक इतिहास

जिसने क्रांति लाई यहां,
प्रगति दिखाई यहां,
आज जिसके हाथों में,
श्रम की कुदाली है।
आभारी है विश्व सारा,
एकता का है ये नारा ,
श्रमिकों के बूते आज छायी ,
खुशहाली है।।
खेतों खलिहानों में,
महलों मकानों में,
आज जिसके श्रम की
खुशबू
उड़ के आई है।।
औद्योगिक विकास में,
भावी इतिहास में,
मेहनतकश मजदूरों ने ,
भूमिका निभाई है।।


प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'



व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*


## बदले हालात..

जिन अपनों के लिये लुटाई
जिंदगी की सारी कमाई।
हालात ऐसे बदले कि वही
कर गये हमसे रूसवाई।

हालात सुनकर भी जिनने
मिलने की रहमत नही की।
उनसे बात करे भी
तो करे कैसे
जिनने कभी सुनने
की जहमत नही
की।

उनसे लढे भी
तो लढे कैसे
जिनपर बरसा कभी
प्यार हमारा।
रहेगे पिछे ही वे
हरदम हमारे
जब तक करते रहेगे
पिछा हमारा।

कभी इधर, कभी उधर देखा
कभी इसको, कभी उसको देखा
तब कही जाकर मुश्किल से
हमने एकबार आपको देखा।

दिल की बात ऑखो से ही
कर ले तो ज्यादा अच्छा होगा।
होंठ कह नही
पाते अक्सर
भले प्यार कितना
भी सच्चा होगा।

किसी की जिंदगी
से न खेले कभी
भले कितना ही
दर्द सहना पडे।
दिल की बात कह
दे अपनो से
चाहे कितना भी
विरोध सहना पडे।


रचनाकार



चिरंजीव बिसेन
गोंदिया


## घर की फाटक, घर की छत देखकर

घर की फाटक, घर की छत देखकर
करना मोहब्बत तो हैसियत देखकर।

स्वाभिमान की बातें सारी किताबी है
सब बिकता है यहां कीमत देखकर।

चाहता वो भी बहुत था मुझे,लेकिन
छोड़ गया मुझे वो मेरी लत देखकर।

बुरे हाल में मिलने से भी कतराते लोग
पुछते है तबीयत सब खैरियत देखकर।

एक जमाने में खुबियों से इश्क होता था
अब आता भी है प्यार तो दौलत देखकर।


मुझे इसलिए भी नदियों का ग़म नहीं है
वो आयेगी समंदर की सल्तनत देखकर।


रचनाकार



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 215



**ck;s ls nk;s &** 1) असंख्य, जिसकी गणना न की जा सके 5) हवा के चलने से होनेवाली ध्वनी 10) कृपालु 14) ईश्वर 16) मकान का कक्ष 17) शपथ 19) राम का जन्म 21) दशानन 22) घमंड 24) इतिहास में उल्लेखित एक मुगल सरदार जिसकी विद्रोही (धोखेबाज) के रुप में उपमा दी जाती है 26) स्थगित होना, हटना, खिसकना 28) पक्ष 29) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 30) तेजी का विरुद्धार्थी शब्द 32) महीने का 34) खान, जहां से जमीन खोद कर धातुएं निकाली जाती है 36) सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की पत्नी का नाम 38) फूल 39) औषधी 41) ओर 42) तनने की क्रिया या भाव 44) बड़ा पत्थर 45) लोप, समाप्ती 46) विष्णू 47) किसानों का एक औजार 48) कष्ट, पीड़ा 51) धब्बा 54) हथेली 56) इच्छा करनेवाला, मांगने या चाहनेवाला 58) बकबक, बकवाद 60) काबू 62) जरुरतमंद 63) घड़ा, मटका 64) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धचंद्रकार टुकड़ा 65) हाथ 66) एक रंग 67) मजार, मकबरा 68) कोलकाता का एक हवाई अड्डा 70) फायदा 72) शतरंज की एक गोटी, मंत्री 74) दया 75) सीमा 76) श्रीफल 80) छोटा 82) हुज्जत, झगड़ा 85) पहर, तीन घंटे का समय 86) आगमन होना 87) नरसिंह 90) सुगंधित होना 92) अलम्, अधिकार 93) जनरव 96) अयोग्य 98) सौगंध 100) खलबली 102) पक्षपात, एखादे की तारीफ करना 104) तब, फिर 105) एक रंग 107) किसी नगर का वह प्रवेश स्थल जहां महसूल वसूल किया जाता है 108) जूट, साल 109) प्रासाद 111) धर्मशाला 113) किसी चीज का पहुंच से बाहर होना इस अर्थ की एक कहावत 115) रोम का एक भूतपूर्व राजा जिसके बारे में माना जाता है की रोम शहर जलते समय यह वाद्य बजा रहा था 116) करामात 118) जिसके आगे कोई ओट या परदा न हो 120) हरियाणा की एक जाति 121) सूर्य 122) कमी, दोष, त्रुटी 123) पुराने जमाने के एक प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार 124) बुद्धि

**Åij ls uhps &** 1) होशियार 2) गीला 3) नीचे डालना 4) पर्यंत 5) युद्ध 6) सोने–चांदी का व्यापारी 7) निंदा करना अर्थवाला एक मुहावरा 8) मुसलमानों की मक्के की यात्रा 9) घंटे का ध्वनि 11) जिद्दी 12) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके शरद पवारजी का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 13) अनोखा, नवीन 15) समुद्र में लगनेवाली आग 18) गणित में वह क्रिया जिससे किसी ज्ञात राशी की सहायता से अज्ञात राशी का पता लगाया जाता है 20) गंदगी 23) एकत्र 25) नकली, बनावटी 27) रिश्ता 28) सरोवर, कमलों का समूह 29) सेना 31) दिवाल 33) जुल्मी, सितम ढानेवाला 35) भोज, निमंत्रण 37) अन्न आदि का समूह, ढेर 38) आलसी 40) वफ़ा 42) ........ मेहमूद, पुराने जमाने के एक फिल्मी गायक का नाम 43) अपमानित 45) एक मुगल सम्राट 47) हमेशा 49) कागज का काटे गये टुकड़े 50) अच्छा दिखना 52) रत्न, मणि 53) लाश को जलाने की क्रिया 54) सााधुओं या भिक्षुकोंद्वारा इस्तेमाल किया जानेवाला धातु का पात्र 55) घोड़े को काबू में रखनेवाला चमड़े की पट्टी 57) एक ऋषी का नाम, लोध का वृक्ष 59) बिलकुल, पूर्णरुप से 61) एक ऋतु 62) जेवर 65) कमल के समान सुन्दर हाथ 69) भयभीत होना 71) भारतीय फिल्मों के जनक का कुल नाम 73) विजय 74) तूणीर 77) गायन आदि का अभ्यास (उर्दू) 78) एक देश, शास्त्रीय संगीत का एक राग 79) दिवस 81) प्रवेश करना 83) मार्ग 84) खेत की उपज 86) मान–सन्मान, आवभगत 88) किरण 89) फिल्म 'वास्तव' में संजय दत्त के मां की अदाकारी करनेवाली चरित्र अभिनेत्री 91) मापना 92) भगिनी 94) शरीर के त्रिदोषों में से एक 95) देनेवाला, भेट, उपहार 97) गरमी के मौसम में कमरे में ठंड़क लाने के लिए इस्तेमाल किया जानेवाला बड़ा उपकरण (अं.) 99) थकान 100) चित्र 101) काम बंद करके किया गया आन्दोलन 103) गायब, चंपत 106) श्रीलंका के एक प्रमुख आतंकवादी संघठन के नाम का संक्षिप्त रुप 110) लोच 112) चार युगों में से एक 113) अनुमान 114) पुलीस को खबर देनेवाला 117) मुंछ निकलने से पहले की रोमावली 118) आधार (अं.) 119) लिप्त 120) कौम ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


## वित्तीय सेवाओं, डेटा सेंटर और क्लाउड पर बड़ा दांव लगाएगी एयरटेल; 10 साल में 3.3 लाख करोड़ का निवेश..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि कंपनी ने पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है***




और अब वृद्धि के अगले चरण के लिए वित्तीय सेवाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने नए विकास क्षेत्रों को तैयार करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से कंपनी को मजबूत परिणाम मिले हैं और अब उसे वित्तीय सेवाएं, डेटा केंद्र और एयरटेल क्लाउड क्षेत्र में आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयरटेल मनी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। वहीं, कंपनी की डेटा सेंटर इकाई नेक्स्ट्रा ने एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता विकसित करने की योजना के तहत हाल में एक अरब डॉलर (करीब 9,500 करोड़ रुपये) जुटाए हैं।

मित्तल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एयरटेल मनी को गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा, ÷यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत में वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में भी अहम कदम है।÷

मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी को आने वाले वर्षों में पर्याप्त पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण, क्लाउड सेवाओं के बढ़ते उपयोग और डेटा को देश में ही रखने की जरूरतों के कारण नेक्स्ट्रा अगले कुछ वर्षों में एक गीगावाट क्षमता तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मित्तल ने कहा, ÷हमारे तीसरे विकास इंजन एयरटेल क्लाउड को शुरुआती दौर में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हमारी सुरक्षित और दूरसंचार स्तर की क्लाउड सेवा भारतीय बाजार की उभरती जरूरतों को पूरा करती है। इससे ग्राहकों को भारत में ही संचालित और सुरक्षित विश्वस्तरीय क्लाउड सेवाएं लागत प्रभावी तरीके से मिलती हैं।÷

उन्होंने बताया कि एयरटेल क्लाउड सेवाओं के लिए कंपनी ने 24 से अधिक सौदे किए हैं। मित्तल ने कहा कि सरकार की ओर से क्लाउड, कृत्रिम मेधा (एआई) और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई नीतियां निवेश को गति देंगी और इस क्षेत्र के परिवेश को मजबूत करेंगी।

उन्होंने कहा, ÷क्लाउड और एआई आधारित डेटा केंद्रों में निवेश के लिए सरकार की ओर से दी गई दीर्घकालिक कर छूट एक समयानुकूल पहल है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे में लगातार पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा और देश में सुरक्षित एवं स्वायत्त डेटा प्रवाह सुनिश्चित होगा।÷

सरकार को उम्मीद है कि इस वर्ष डेटा केंद्र क्षेत्र में निवेश 200 अरब डॉलर (18 लाख करोड़ रुपये से अधिक) को पार कर सकता है।

मित्तल ने कहा कि पिछले 10 साल में कंपनी ने भारत के सबसे मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा मंचों में से एक तैयार करने के लिए 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

उन्होंने कहा कि 5जी अर्थव्यवस्था का उभरना कंपनी के वृद्धि के अगले चरण को तय कर रहा है और इससे विभिन्न उद्योगों में नए उपयोग के अवसर पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 5जी तेज गति के संपर्क को बढ़ावा दे रहा है तथा व्यापक नेटवर्क उपलब्धता के माध्यम से नवाचार के नए रास्ते खोल रहा है।

मित्तल ने बताया कि एयरटेल के 5जी ग्राहकों की संख्या बढ़कर 18.8 करोड़ हो गई है। एयरटेल का 5जी प्लस नेटवर्क अब कंपनी के कुल वायरलेस डेटा ट्रैफिक का आधा हिस्सा वहन कर रहा है।

## अमेरिका-ईरान तनाव, महंगाई के आंकड़ों के बीच सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना: विश्लेषक

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।***




विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। उन्होंने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था।

इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, ÷सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा। यदि तनाव काफी बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी आ सकती है और अमेरिकी डॉलर तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प मजबूत होंगे।÷

उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बाजार भारत, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के महंगाई आंकड़ों पर भी नजर रखेगा, जिससे प्रमुख वैश्विक केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति की दिशा को लेकर संकेत मिल सकेंगे।

घरेलू बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव सप्ताह के दौरान 3,900 रुपये यानी 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 14,746 रुपये यानी 6.2 प्रतिशत टूटकर 2.22 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने के लिए एक और कमजोर सप्ताह रहा।

मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे सोने में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।''

उन्होंने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की।

त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर यानी 0.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,113.7 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं, चांदी 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.16 डॉलर प्रति औंस रह गई।

विश्लेषकों ने कहा कि बाजार भागीदार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के संकेतों के लिए खुदरा बिक्री, आवास क्षेत्र के आंकड़ों और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों सहित कई प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

## कमजोर मानसून से जल में घुलनशील उर्वरकों की मांग बढ़ सकती है: एसएफएआई

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अनिश्चित मानसून इस खरीफमौसम में घुलनशील उर्वरक (सॉल्युबल फर्टिलाइजर) उद्योग के लिए मांग बढ़ाने वाला कारक बन सकता है, लेकिन इन उर्वरकों की कीमतों में आई तेज वृद्धि मांग पर अधिक बड़ा असर डाल सकती है।***



उद्योग संगठन 'सॉल्युबल फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसएफएआई)' ने रविवार को यह बात कही। एसएफएआई के अध्यक्ष राजीब चक्रवर्ती ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने से पिछले एक वर्ष में प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में 60 से 100 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा, ÷मौजूदा समय में कीमतें 60 से 100 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं।÷ उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में मोनो अमोनियम फॉस्फेट (एमएपी) की कीमत लगभग 1,000 डॉलर प्रति टन थी, जो अब बढ़कर 1,500 से 1,600 डॉलर प्रति टन हो गई है। चक्रवर्ती ने कहा, ÷प्रति टन 600 डॉलर की वृद्धि बहुत बड़ी बढ़ोतरी है।÷

इस मौसम में उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कीमतों में भारी वृद्धि के कारण खपत घटने की आशंका सबसे बड़ा जोखिम है। उन्होंने कहा, ÷जैसे ही कीमतें बहुत अधिक बढ़ जाती हैं, किसान इनका इस्तेमाल कम कर देते हैं।÷ उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करना उद्योग के हाथ में नहीं है। चक्रवर्ती ने कहा कि चीन द्वारा प्रमुख उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध और पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत के लिए आयात प्रभावित हुआ है।

उन्होंने कहा कि देश में जल में घुलनशील उर्वरकों का घरेलू उत्पादन बहुत कम है। ऐसे में आयात में कमी की भरपाई घरेलू स्तर पर करना संभव नहीं है। चक्रवर्ती ने कहा कि कीमतों में तेजी के बावजूद फिलहाल आपूर्ति की स्थिति चिंताजनक नहीं है, क्योंकि पिछले वर्ष का बचा हुआ भंडार उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल प्रमुख कृषि क्षेत्रों में अधिक बारिश और बाढ़ के कारण इन उर्वरकों की खपत कम रही थी। उन्होंने कहा, ÷फिलहाल मुझे कोई बड़ी समस्या नहीं दिख रही है।÷ हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यदि इस मौसम में मांग तेजी से बढ़ी तो आगे की आपूर्ति पर दबाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि भारत हर साल लगभग चार लाख टन जल में घुलनशील उर्वरकों का आयात करता है और यह मात्रा लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कुल आयात दो लाख से 2.5 लाख टन रहने का अनुमान है, जिसमें से जून तक लगभग एक लाख टन उर्वरक भारत पहुंच चुका है। इन उर्वरकों की अधिकांश खपत सितंबर से मार्च के बीच होती है। चक्रवर्ती ने कहा कि ऊंची कीमतों के कारण किसान कम कीमत वाले विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कई किसान पहले ही सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) जैसे फॉस्फेट आधारित उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। हालांकि, इनमें फॉस्फोरस की मात्रा 20-22 प्रतिशत होती है, जबकि एमएपी में यह 61 प्रतिशत होती है, लेकिन इनकी कीमत काफी कम है।

चक्रवर्ती ने कहा कि यदि किसान फिर से यूरिया और डीएपी जैसे पारंपरिक उर्वरकों का अधिक इस्तेमाल करने लगते हैं तो सरकार पर उर्वरक सब्सिडी का बोझ भी बढ़ेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि यदि इस मौसम में वर्षा असमान रहती है तो जल में घुलनशील उर्वरकों की मांग बढ़ सकती है, क्योंकि इनके उपयोग में पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में काफी कम पानी लगता है।

उन्होंने कहा कि कपास जैसी फसलों में, जहां सामान्यतः एक मौसम में दो बार इन उर्वरकों का छिड़काव किया जाता है, शुष्क मौसम बने रहने पर इनका उपयोग बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ÷यदि बारिश नहीं होगी तो पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगेंगी। ऐसे में किसान इन उर्वरकों का अधिक इस्तेमाल करेंगे।÷ उन्होंने कहा कि कृषि संकट की परिस्थितियों में विशेष प्रकार के उर्वरकों का उपयोग सामान्यतः बढ़ जाता है।

## भू-राजनीतिक स्थिति, तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है***



कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी।

चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, यूनियन बैंक और फेडरल बैंक समेत कई कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। उनके अनुसार, व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार के लिए अहम संकेतक होंगे।

उन्होंने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

मीणा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान की स्थिति और उससे कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाला असर बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। वहीं अमेरिका में मंगलवार को सीपीआई और बुधवार को उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े जारी होंगे, जिनसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की उम्मीदों पर असर पड़ सकता है।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## भारत - ब्रिटेन एफटीए से निर्यातकों, एमएसएमई और पेशेवरों को 15 जुलाई से मिलेगा लाभ : गोयल..

मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने के बाद 15 जुलाई से भारत से ब्रिटेन को भेजे जाने वाले सभी निर्यात पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा, जिससे किसानों,***

मछुआरों, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और घरेलू उद्योगों को लाभ मिलेगा। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह व्यापार समझौता केवल वस्तुओं और सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रिटेन में काम कर रहे हजारों भारतीय पेशेवरों को भी लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, ÷भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत 15 जुलाई से भारत से ब्रिटेन निर्यात की जाने वाली हर वस्तु पर शून्य आयात शुल्क लगेगा।''



मंत्री ने बताया कि समझौते में 'डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन' (डीसीसी) का प्रावधान भी शामिल है। इसके तहत ब्रिटेन में पांच साल तक काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को वहां की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में योगदान नहीं देना होगा।

उन्होंने कहा कि पहले भारतीय पेशेवरों के वेतन का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा ब्रिटेन सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना में चला जाता था। अब यह राशि भारत में उनके भविष्य निधि (पीएफ) खातों में जमा होगी, जिस पर 8.25 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। यह राशि कर मुक्त होगी और सेवानिवृत्ति के लिए उनकी बचत को सुरक्षित करने में मदद करेगी।

गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय पेशेवरों के लिए नए मौके उभरेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापारिक व आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने इस समझौते का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया।

उन्होंने कहा कि वह 14 और 15 जुलाई को ब्रसेल्स में होने वाली भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान लंबित मुद्दों के समाधान और प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

## दाइकी एक्सिस भारत में लगाएगी तीसरा संयंत्र, टिकाऊ जल शोधन में विस्तार पर बड़ा दांव..

नई दिल्ली, (भाषा)।

जापान की जल शोधन समाधान कंपनी दाइकी एक्सिस भारत में टिकाऊ अपशिष्ट जल शोधन और जल पुनः उपयोग समाधान की बढ़ती मांग को देखते हुए अपना तीसरा विनिर्माण संयंत्र कर्नाटक के तुमकुरु में स्थापित करेगी। कंपनी इस परियोजना में करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय इकाई दाइकी एक्सिस इंडिया के माध्यम से स्थापित किए जाने वाले इस संयंत्र में जापान की स्वामित्व वाली 'जोखासो' प्रौद्योगिकी पर आधारित सीवरेज उपचार प्रणालियों का निर्माण और संयोजन किया जाएगा। यह प्रौद्योगिकी विकेंद्रीकृत तरीके से अपशिष्ट जल के उपचार और उसके पुनः उपयोग को सक्षम बनाती है।दाइकी एक्सिस इंडिया के सलाहकार के. सी. पांडेय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिक विस्तार और जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच उन्नत अपशिष्ट जल शोधन प्रौद्योगिकियों के लिए व्यापक संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कर्नाटक संयंत्र घरेलू विनिर्माण क्षमता को मजबूत करेगा, आयात पर निर्भरता कम करेगा और देशभर में अपशिष्ट जल उपचार समाधान की उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा। पांडेय के अनुसार, भारत अपशिष्ट जल उपचार और जल के पुनः उपयोग समाधान के लिए दुनिया के सबसे संभावनाशील बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि जल संकट और शहरी बुनियादी ढांचे पर बढ़ते दबाव के बीच भारत में 'जहां उपचार, वहीं पुनः उपयोग' की अवधारणा को तेजी से अपनाया जा रहा है। पांडेय ने कहा, ''भारत में 24,000 से अधिक शहरी पार्कों के अलावा हजारों आवासीय परिसरों, संस्थानों, होटलों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में उपचारित अपशिष्ट जल का इस्तेमाल बागवानी, हरित क्षेत्र के रखरखाव और गैर-पेयजल जरूरतों के लिए किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि दाइकी एक्सिस का विस्तार केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय शहरी बुनियादी ढांचा, टिकाऊ जल प्रबंधन और बेहतर स्वच्छता व्यवस्था विकसित करना है।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सरकार की दोहरी नीतियों की मार झेल रहा किसान..

## किसान कांग्रेस समिति की बैठक संपन्न..





जगप्रेरणा लांजी।

***किसान कांग्रेस की जिला इकाई ने 12 जुलाई को लांजी में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भूरू पटेल की गरिमामयी उपस्थिति ने***

कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भर दिया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष भूरू पटेल ने क्षेत्र के योग्य, समर्पित और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।

नवनियुक्त पदाधिकारी बुधराम देवगडे जिला उपाध्यक्ष एवं लांजी प्रभारी (किसान कांग्रेस), सोनू श्रीवास्तव जिला महासचिव, मानिक पाचे अध्यक्ष किसान कांग्रेस लांजी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

भूरू पटेल के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी निर्णय की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब लांजी क्षेत्र और पूरे बालाघाट जिले में किसान कांग्रेस को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। सभी ने संकल्प लिया कि वे किसानों (अन्नदाताओं) की हर समस्या को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

जिला अध्यक्ष भूरू पटेल के मार्गदर्शन में यह संगठनात्मक विस्तार किसान कांग्रेस के लिए एक नया अध्याय साबित होगा। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सबका मानना है कि अब किसानों के हक की लड़ाई को नई धार मिलेगी।

# श्रावण मास के अवसर पर 30 ग्रामों में 29 से शुरू होगी अखंड श्री राम चरित मानस पाठ..

## सांस्कृतिक आधारित मूल्यों पर होंगे विविध जन-जागरण कार्यक्रम..



जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के पावन अवसर पर लांजी-किरनापुर क्षेत्र के 30 गांवों में 29 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 तक 30 दिवसीय अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्यों पर आधारित विविध***

धार्मिक, सामाजिक और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। आयोजकों के अनुसार प्रत्येक गांव में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातः योग, प्राणायाम एवं ध्यान से होगी। इसके पश्चात नगर कीर्तन, कलश यात्रा, मंदिरों में भजन-कीर्तन, ध्वज स्थापना तथा अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही परिवार संपर्क अभियान, बच्चों की शिक्षा, धर्म-अध्यात्म तथा सेना एवं पुलिस भर्ती संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। द्वितीय दिवस पर महिला मंडलों के सहयोग से वृक्षारोपण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवा वितरण, मोतियाबिंद जांच एवं चयनित मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम हाथ-पैर चयन शिविर भी आयोजित होगा। मानस पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत हवन, गुरु पूजन, गौमाता पूजन तथा सायंकाल मानस प्रसाद भोजन का आयोजन किया जाएगा।

इस 30 दिवसीय धार्मिक अभियान के संयोजक झनकार किरनापुरे अध्यक्ष एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट तथा सभी पदाधिकारियों ने आयोजन में क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी एवं जनसहयोग से कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भारतीय संस्कृति, सामाजिक सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के इस महाअभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

# स्व. आशीष पटेल की सोलहवीं पुण्यतिथि आज



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के भिलाई मार्ग पर स्थित पटेल परिवार के होनहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी आशीष (छोटू पटेल) महिमेहरों की सोलह वर्ष पूर्व 13 जुलाई 2010 को एक***

दुर्घटना में असामयिक मौत हो गई थी। स्व.छोटू पटेल का व्यवहार आज भी लोगो के स्मृति पटल पर है। इनकी सोलहवीं पुण्य तिथि पर आज 13 जुलाई को परिजनों द्वारा शांति पाठ कराकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को फलों का एवं छोटे बच्चों को कपड़े वितरण किया जावेगा। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में परिजनों एवं इष्टमित्रों द्वारा उपस्थित होने की अपील की है।

# सतना के डायल-112 हीरोज

## घर का रास्ता भटकी 03 वर्षीय मासूम बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलाया..

जगप्रेरणा भोपाल।

***सतना जिले के थाना कोलगवां क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई से घर का रास्ता भटक गई 03 वर्षीय मासूम बालिका को***

सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय पहल से बालिका को सुरक्षा एवं परिवार का सान्निध्य पुनः प्राप्त हो सका।

10 जुलाई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोलगवां क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड पर एक 03 वर्षीय बालिका अकेली मिली है, जो घर का रास्ता भटक गई है एवं पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही कोलगवां थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक श्री नीरज सिंह एवं पायलट श्री पुरुषोत्तम ने मौके पर पहुँचकर बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया। स्नेहपूर्वक पूछताछ करने पर बालिका अपनी कम आयु के कारण परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सकी।

डायल-112 जवानों ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिका को एफआरव्ही वाहन से आसपास के क्षेत्रों में ले जाकर परिजनों की तलाश एवं पूछताछ की, किंतु तत्काल कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। इसके उपरांत बालिका को सुरक्षित थाना कोलगवां लाया गया। कुछ समय पश्चात बालिका के परिजन उसे तलाशते हुए थाने पहुँचे। पहचान एवं आवश्यक सत्यापन उपरांत बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं समर्पित कार्यवाही से एक मासूम बालिका को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया जा सका। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आमजन, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सदैव सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

# डायरिया रोको अभियान, गांवों में हो रही हैंड पंपों की मरम्मत..

## पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत रविवार 12 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाने के***

लिए व्यापक अभियान चलाया। उपखंड लांजी, किरनापुर, एवं बालाघाट की टीमों ने , नक्शी, रजेगांव, नेवरगांव सहित अनेक गांवों में पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों का तत्काल सुधार कार्य कराया।

अभियान के दौरान सुधारे गए हैंडपंपों के साथ-साथ गांवों के अन्य सभी हैंडपंपों में भी जर्मेक्स (क्लोरीनीकरण) किया गया, जिससे पेयजल में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उइके ने बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित पेयजल के कारण डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिलेभर में पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों की मरम्मत और क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है।

विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पानी को छानकर एवं ढककर रखें, संभव हो तो उबालकर ही पिएं, घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

पीएचई विभाग का यह अभियान जिले में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और जलजनित रोगों की रोकथाम की दिशा में लगातार जारी है।

# ग्राम भुवा में दर्दनाक हादसा: साढ़े तीन वर्षीय मासूम का नदी में मिला शव..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***किरनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भुवा से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक साढ़े तीन वर्षीय मासूम बालक प्रज्वल जामरे पिता राहुल जामरे भुवा निवासी का शव नदी में मृत***

अवस्था में मिला।इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बालक की पहचान प्रज्वल जामरे (उम्र 3.5 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मासूम अचानक नदी के समीप पहुँच गया होगा और पैर फिसलने या तेज बहाव की चपेट में आने के कारण वह नदी में बह गया होगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बालक के शव को नदी से बाहर निकाला जा सका।

## पुलिस ने शुरू की जांच..

किरनापुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि बच्चा अकेले नदी के पास कैसे पहुँचा। इस हादसे ने एक बार फिर नदी-नालों के किनारे रहने वाले परिवारों को बच्चों की सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है।




# गांव की साधारण बहू से बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल: निशा उईके की प्रेरक सफलता की कहानी..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कहते हैं कि यदि हौसले बुलंद हों तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। यह बात बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड की अति***

संवेदनशील ग्राम पंचायत खुर्सीटोला के ग्राम वालेगांव की रहने वाली निशा नरेंद्र उईके ने सच कर दिखाया है। कभी कृषि मजदूरी कर परिवार चलाने वाली निशा आज अपनी मेहनत, ईमानदारी और लगन के दम पर न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। लांजी मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर बसे वालेगांव में आजीविका के सीमित साधन हैं। अधिकांश परिवार खेती और मजदूरी पर निर्भर हैं तथा कई परिवार रोजगार के लिए पलायन भी करते हैं। निशा का परिवार भी इन्हीं परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहा था। कम कृषि भूमि और सीमित आय के कारण परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पाता था।

## स्व-सहायता समूह से बदली जिंदगी..

10 फरवरी 2022 को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांव में शक्ति आजीविका स्व-सहायता समूह का गठन हुआ। निशा उईके इस समूह से जुड़ीं और अन्य महिलाओं की तरह प्रति सप्ताह 20 रुपये की बचत शुरू की।

स्नातक शिक्षित होने के कारण उन्होंने समूह की बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाई और समूह के रिकॉर्ड एवं लेखा-जोखा का जिम्मा संभाल लिया।उनकी कार्यशैली और जिम्मेदारी देखकर ग्राम संगठन ने उन्हें बुक कीपर नियुक्त किया। इसके बाद वे गांव के अन्य 11 स्व-सहायता समूहों के दस्तावेजों के संधारण और लेखा कार्य में भी सहयोग करने लगीं।

## 30 हजार के ऋण से शुरू किया कारोबार..

समूह की पहली सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) से 30 हजार रुपये का ऋण लेकर निशा ने गांव में साड़ियों का छोटा व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने व्यापार के साथ लेखा-जोखा भी व्यवस्थित रखा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगी।

## कंप्यूटर ऑपरेटर से बनीं आत्मनिर्भर..

जब निर्भया संकुल स्तरीय संगठन (CLF) में कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता हुई तो समूह की महिलाओं ने निशा का नाम प्रस्तावित किया। चयन प्रक्रिया के बाद 30 सितंबर 2024 को उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटर का दायित्व मिला शुरुआत में उन्हें केवल 2 हजार रुपये मासिक मानदेय मिला, लेकिन उन्होंने इसे सीखने का अवसर माना। निशा का कहना है कि 'आजीविका मिशन ऐसा मंच है, जहां इंसान सीखकर काम नहीं करता, बल्कि काम करके सीखता है।'

सीमित संसाधनों के बावजूद वे कभी साइकिल से तो कभी अन्य लोगों के साथ कार्यालय पहुंचती रहीं। उन्होंने लगातार प्रशिक्षण लिए, ऑडिट का कार्य सीखा और अपने कार्यों से अधिकारियों तथा संकुल स्तरीय संगठन का विश्वास जीता। उनकी मेहनत को देखते हुए उनका मानदेय बढ़कर 2250, फिर 2500 और बाद में 3000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया।

## स्कूटी खरीदी, बढ़ा सम्मान..

लगातार मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर निशा ने अपने पति के सहयोग से स्कूटी खरीदी। अब वे स्वयं स्कूटी चलाकर समय पर कार्यालय पहुंचती हैं। आज गांव में उनका सम्मान बढ़ चुका है और लोग उन्हें एक सफल एवं आत्मनिर्भर महिला के रूप में पहचानते हैं। निशा की सफलता में उनके पति का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। परिवार ने हर कदम पर उनका साथ दिया, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकीं।

## महिला सशक्तिकरण की बनीं प्रेरणा..

निशा उईके मानती हैं कि यदि वे आजीविका मिशन से नहीं जुड़तीं, तो शायद उनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती। आज वे स्व-सहायता समूहों के संचालन, लेखा-जोखा, ऑडिट और कंप्यूटर कार्यों में दक्ष हैं तथा अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

उनका कहना है, 'मैं जीवन में कहीं भी रहूं, लेकिन यह कभी नहीं भूलूंगी कि मेरे जीवन को नई दिशा और पहचान आजीविका मिशन ने दी है।' निशा उईके की यह कहानी बताती है कि जब महिलाओं को अवसर, विश्वास और सही मार्गदर्शन मिलता है तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के विकास की मजबूत आधारशिला बन जाती हैं।

## 'नारी बढ़ेगी, विकास गढ़ेगी'

निशा उईके की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि स्व-सहायता समूह केवल बचत का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और आत्मिक सशक्तिकरण का मजबूत मंच हैं। गांव की एक साधारण महिला का यह सफर आज हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुका है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बारिश में कटने वाले 50 गांवों की लाइफलाइन बनेगा लिंगा पुल, विधायक मधु भगत ने किया निरीक्षण..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले में जारी वर्षा के बीच क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए विधायक मधु भगत ने ग्राम लिंगा पहुंचकर घिसर्री नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता,***





प्रगति और समय-सीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा परियोजना को आगामी तीन माह के भीतर पूर्ण करने पर बल दिया।

घिसर्री नदी पर बन रहा लिंगा पुल क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक है। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने पर मार्ग जलमग्न हो जाता था, जिससे लगभग 50 गांवों का संपर्क मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों से टूट जाता था। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि उपज के परिवहन तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

इन्हीं समस्याओं के स्थायी समाधान के उद्देश्य से मई 2023 में लगभग आठ करोड़ रुपये की लागत से 150 मीटर लंबे पुल को स्वीकृति प्रदान की गई थी। वर्तमान में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण एजेंसी से तकनीकी प्रगति, सुरक्षा प्रबंधों और शेष कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और कार्य में अनावश्यक विलंब न होने के निर्देश दिए।

विधायक मधु भगत ने कहा कि यह पुल हजारों ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगा। उनका प्रयास है कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा हो, ताकि जनता को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि मौसम अनुकूल रहने पर अगले तीन माह के भीतर पुल का निर्माण पूर्ण कर आवागमन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने पुल निर्माण को क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्माण अवधि में उपयोग किए जा रहे कीचड़युक्त डायवर्सन मार्ग की समस्या भी विधायक के समक्ष रखी। इस पर विधायक ने संबंधित विभाग को तत्काल चिल्ली बिछाकर मार्ग को सुगम बनाने के निर्देश दिए। पूर्व सरपंच तुलसीराम कावरे ने कहा कि वर्षों से वर्षाकाल में आवागमन बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ती थीं। पुल बनने से क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं पीएमजीएसवाई की महाप्रबंधक माया परते ने बताया कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

लिंगा पुल के पूर्ण होने से क्षेत्र में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। साथ ही कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से जिस परियोजना की प्रतीक्षा की जा रही थी, वह अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और शीघ्र ही क्षेत्रवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है।

# लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त जारीः बालाघाट की 3.44 लाख बहनों के खातों में पहुंचे 50.13 करोड़ रुपये..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार 12 जुलाई को भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी कर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1835 करोड़ रुपये अंतरित किए।***



इस अवसर पर बालाघाट जिले की 3 लाख 44 हजार 591 लाड़ली बहनों के खातों में 50 करोड़ 13 लाख 43 हजार 100 रुपये की राशि पहुंची। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1500-1500 रुपये जमा किए गए। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम देखा और योजना की राशि प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## विकासखंडवार लाभार्थी एवं अंतरित राशि

ग्रामीण क्षेत्रों में बैहर की 19,459 बहनों के खातों में 2 करोड़ 92 लाख 88 हजार 500 रुपये, बालाघाट की 37,380 बहनों को 5 करोड़ 60 लाख 70 हजार रुपये, बिरसा की 26,971 बहनों को 4 करोड़ 04 लाख 56 हजार 500 रुपये, कटंगी की 34,711 बहनों को 5 करोड़ 20 लाख 66 हजार 500 रुपये, खैरलांजी की 31,300 बहनों को 4 करोड़ 69 लाख 50 हजार रुपये, किरनापुर की 38,387 बहनों को 5 करोड़ 75 लाख 80 हजार 500 रुपये, लालबर्रा की 37,255 बहनों को 5 करोड़ 58 लाख 82 हजार 500 रुपये, लांजी की 38,207 बहनों को 5 करोड़ 73 लाख 10 हजार 500 रुपये, परसवाड़ा की 22,139 बहनों को 3 करोड़ 32 लाख 08 हजार 500 रुपये तथा वारासिवनी की 32,930 बहनों के खातों में 4 करोड़ 93 लाख 95 हजार रुपये अंतरित किए गए।

## नगरीय क्षेत्रों में भी पहुंची योजना की राशि

नगरीय निकायों में नगर पालिका बालाघाट की 8,817 बहनों को 1 करोड़ 32 लाख 25 हजार 500 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5,828 बहनों को 87 लाख 42 हजार रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3,756 बहनों को 56 लाख 34 हजार रुपये, नगर परिषद बैहर की 2,654 बहनों को 39 लाख 81 हजार रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2,413 बहनों को 36 लाख 19 हजार 500 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2,384 बहनों को 35 लाख 76 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई।

## जून 2023 से अब तक 1688 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता

जून 2023 में योजना प्रारंभ होने से लेकर 12 जुलाई 2026 तक बालाघाट जिले की 3 लाख 44 हजार 591 से अधिक लाड़ली बहनों को 1688 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान की है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुंदरियाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।

# पहली तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ मॉयल ने तय किए महत्वाकांक्षी लक्ष्य-सुरेश

**जगप्रेरणा भरवेली (बालाघाट)।**

***देश की अग्रणी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए उत्पादन और बिक्री के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक वी. सुरेश***

ने कर्मचारियों को संबोधित संदेश में बताया कि जून 2026 में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 1.70 लाख टन रहा, जो स्थापना के बाद किसी भी जून माह का सर्वाधिक उत्पादन है। पहली तिमाही के दौरान कुल उत्पादन 5.08 लाख टन तक पहुंच गया, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च तिमाही उत्पादन है।

उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। बिक्री के क्षेत्र में भी मॉयल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहली तिमाही में 3.68 लाख टन अयस्क की बिक्री की, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 3.56 लाख टन था। प्रबंधन के अनुसार यह सफलता खदानों में कार्यरत कर्मचारियों, सुरक्षा टीमों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा प्रशासनिक इकाइयों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।



इन उपलब्धियों के साथ कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं। मॉयल का उद्देश्य चालू वर्ष में 25.85 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करना, लगभग 2,130 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करना तथा अनुसंधान एवं विकास पर 20 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करना है। इसके अतिरिक्त 800 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई गई है तथा उत्पादन लागत को घटाकर लगभग 4,730 रुपये प्रति टन तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

कंपनी ने भविष्य की विकास यात्रा के लिए कई प्राथमिकताएं भी तय की हैं। इनमें खदानों के डिजिटलीकरण और एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना, सभी भूमिगत खदानों में 5जी आधारित संचार व्यवस्था का विस्तार, कर्मचारियों के लिए शून्य-हानि सुरक्षा संस्कृति का विकास तथा नई परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाना शामिल है। इसके साथ ही परिपत्र अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने तथा सभी परिसरों को एकल-उपयोग प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

वी. सुरेश ने कहा कि इतिहास उन्हीं का होता है जो बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से उत्कृष्टता, अनुशासन और टीम भावना को बनाए रखने का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि मॉयल आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएगी और देश के औद्योगिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को और सुदृढ़ करेगी। उन्होंने विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# मगरदर्रा-टिटवा के बीच सीताराम बस पलटी, 4 से 5 यात्री घायल..

**जगप्रेरणा बालाघाट/लामता।**

***बालाघाट से परसवाड़ा जा रही सीताराम बस सर्विस की एक यात्री बस रविवार शाम मगरदर्रा और टिटवा के बीच अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के समय बस में लगभग 18 यात्री सवार थे।***





हादसे में 4 से 5 यात्रियों को चोटें आईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही लामता थाना पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौहान ने बताया कि रविवार शाम करीब 4 बजे ग्राम टिटवा के समीप सीताराम बस के पलटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस में करीब 18 यात्री सवार थे, जिनमें से 4 से 5 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर परसवाड़ा विधायक मधु भगत भी घटनास्थल पहुंचे।

उन्होंने घायलों का हालचाल जाना तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जून माह में भी परसवाड़ा-लामता मार्ग पर जनमखार के समीप एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। लगातार हो रही बस दुर्घटनाओं के बाद क्षेत्र में संचालित पुरानी एवं जर्जर बसों की सुरक्षा और फिटनेस को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है।

# नवागत थाना प्रभारी अनुप नामदेव ने संभाला परसवाड़ा थाने का पदभार

**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

परसवाड़ा थाना को नए थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक अनुप नामदेव की नियुक्ति हुई है। उन्होंने बीते दिनों विधिवत रूप से परसवाड़ा थाने का पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, लंबित प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की जानकारी ली।





नवागत थाना प्रभारी अनुप नामदेव ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाएगा तथा अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लोगों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# महुआ फूल आधारित प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया..



जगप्रेरणा सालेकसा।

*दिनांक 12 जुलाई 2026 को गोंदिया जिले के विकास पुरुष, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं सांसद माननीय श्री प्रफुलभाई पटेल तथा माननीय सांसद श्री राजेंद्र जी जैन से उनके गोंदिया स्थित निवास पर*

भेंट कर सालेकसा तहसील के किसानों, मजदूरों एवं नागरिकों की ओर से महुआ फूल आधारित प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि सालेकसा तहसील में प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर महुआ फूल का संग्रहण किया जाता है, जिससे करोड़ों रुपये का व्यापार होता है। महुआ फूल अपने खाद्य एवं औषधीय गुणों के कारण विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है। इसके बावजूद सालेकसा तहसील में महुआ फूल पर आधारित कोई प्रसंस्करण उद्योग उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण स्थानीय बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पाते। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि सालेकसा तहसील में महुआ फूल आधारित प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना की जाती है, तो क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री प्रफुलभाई पटेल एवं माननीय सांसद श्री राजेंद्र जी जैन ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इस विषय पर उचित पहल करने तथा संबंधित स्तर पर आवश्यक प्रयास और अनुश्रवण (फॉलो-अप) करने का आश्वासन दिया।

यह ज्ञापन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, सालेकसा तहसील अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे के मार्गदर्शन में तथा पार्टी के जिला महासचिव श्री हीरालाल जी साठवणे एवं शहर अध्यक्ष श्री ब्रजभूषण बैस के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर श्री ऋषि बैस सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से अग्रसेन द्वार के समीप भव्य श्रीराम मंदिर का नवनिर्माण संपन्न..

## प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सभी श्रध्दालुओं को दी बधाई - शुभकामनाए..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया के श्री अग्रसेन द्वारा के समीप स्थित प्राचीन सुप्रसिध्द श्री सितारामजी के जीर्ण मंदिर के नवनिर्माण एवं प्रभु श्रीराम, सीताजी, लक्ष्मणजी एवं शिव पंचायत*

आदि की प्राणप्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सपत्नीक प्रभु श्रीराम, सीताजी एवं लक्ष्मणजी तथा शिव पंचायत का पूजन कर आशिर्वाद लिया तथा उपस्थित सभी श्रध्दालुओं को मंदिर के नवनिर्माण- प्रभु के प्राणप्रतिष्ठा पर्व की शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि, जनवरी 2024 में अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया के प्राचीन प्रभु श्रीसीताराम मंदिर के नवनिर्माण की घोषणा की थी और अथक प्रयत्न कर शासन से इस हेतु 30 लाख रुपए की निधी उपलब्ध कराई। जिससे मंदिर का निर्माणकार्य पूर्ण हुआ और एक बार पुनः प्राण प्रतिष्ठा के साथ गोंदिया में प्रभु श्रीराम मंदिर में स्थापित हुए। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सर्वश्री नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, मारवाड़ी युवक मंडल अध्यक्ष महेश (मन्नु) गोयल, गांधी चौक दुर्गा उत्सव समिती अध्यक्ष सुनिल अग्रवाल (बारदानेवाले), महेश अग्रवाल (माया), शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के महासचिव अपूर्व अग्रवाल, कृउबास उपसभापती राजकुमार (पप्पु) पटले, कृउआस संचालक सुरेशकुमार अग्रवाल, धनलाल ठाकरे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनिल अग्रवाल (लाला सर), नागेद्रनाथ चौबे (भय्यु), रमाकांत अवस्थी (मुन्ना), प्रफुल गोयल (लालु), पार्षद अशोक (गप्पु) गुप्ता, राकेश ठाकुर, शीलु ठाकुर, अमर रंगारी, चंद्रकुमार चुटे, रुपेश नशिने, क्रांती जायसवाल, मंदिर निर्माता ठेकेदार संजु माने, वास्तुकार सत्यम कमल पुरोहित श्रीकांत चांदुरकर, असित अग्रवाल, देवेन्द्रबाबू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (दिल्ली वाले) सहित श्रध्दालुगण उपस्थित थे।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## एस टी बस रोकने की बात पर चालक से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/7/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान ग्राम ठाणा मे फर्यादी राजु ढालेश्वर रामटेक्कर उम्र 44 वर्ष निवासी भजेपार यह एस टी बस चालक होकर घटना के समय अपनी बस लेकर जा रहे थे। आरोपी ने बस स्टॉप के पहले रोकने को कहा फर्यादी ने कहा बस स्टाप पर खड़ी होगी। जब बस स्टाप पर बस रोकी तो आरोपी ने सामने आकर गाली गलौच की और ड्रायव्हर को मारपीट पर बस से नीचे खींचा और कहा तु कैसे बस लेकर जाता है देखता हु धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 477/2026 धारा 132,121,1,352, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी जितेन्द्र गुरनुले पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## खेत से अज्ञात चोर ने उड़ाई मोटरपंप मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/7/2026 के रात निमगाव मे फर्यादी बाजीराव अंताराम गायकवाड उम्र 58 वर्ष निवासी निमगांव ने अपने खेत मे फाल्कन कंपनी की मोटरपंप लगाई थी। घटना तारीख की रात अज्ञात चोर ने मोटरपंप चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 284/ 2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ इंद्रपाल कोडापे 902 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## सरकारी काम मे रुकावट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत सरकारी काम मे रुकावट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/8/72026 से दिनांक 11/7/2026 के दरम्यान निमगाव मे फर्यादी सुमिर शत्रुध्नराव बनसोडे उम्र 55 वर्ष यह उपविभागीय अधिकारी पाठबंधारे उपविभाग नवेगाव बांध मे नौकरी पर होकर घटना तारीख के दरम्यान आरोपीयोने मामा तलाव के पाट की तोडफोड कर सरकारी माल का नुकसान किया, जिससे किसानो को पानी नही मिला, फर्यादी समय समय पर पाट की रिपेरिंग करते है, और आरोपी उसे तोडकर नुकसान करते है फर्यादी ने कहा तुम बार बार पाट तोडते हो तो आरोपीयों ने कहा तु हमारा कुछ बिगाड नही सकता, सरकारी माल का नुकसान और काम मे रुकावट डालने से दिये शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 285/2026 धारा 132, 221, 326, ब, 3, 5, भान्यास 2023 सहकलम 3, सार्वजनिक मालमत्तेस नुकसान प्रतिबंधक कानून सहकलम 93, 5, महाराष्ट्र पाठबंधारे सिंचन कानून 1976 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोऊपनी घनश्याम रोहणकर पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## सुना घर देखकर अज्ञात चोर ने उड़ाये गहने और नगदी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/7/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान मक्काटोला मे फर्यादी मुन्नालाल भैय्यालाल ठाकरे उम्र 66 वर्ष निवासी मक्काटोला के घर मे अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर बेडरूम मे रखा डोरला मणी हार किमत 15 हजार रुपये, चांदी की पैरपटटी किमत 2 हजार रुपये, सोने की चैन किमत 10 हजार रुपये, सोने का डोरला किमत 3 हजार रुपये, नगदी 28 हजार रुपये कुल 58 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 479/2026 धारा 305, अ, 331, 3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मण्यार 2088 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# 18 जुलाई के बाद गोंदिया जिले में फिर सक्रिय होगा मानसून, किसानों को राहत की उम्मीद..



जगप्रेरणा आमगांव।

*गोंदिया जिले में पिछले कुछ दिनों से मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से उमस और गर्मी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 18 जुलाई के बाद मानसून के दोबारा सक्रिय होने की संभावना है, जिससे जिले में अच्छी वर्षा होने के आसार हैं।*

बारिश की कमी से धान की रोपाई सहित खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं आमगांव तहसील सहित गोंदिया जिले में इन दिनों बुवाई का काम में तेजी आ गई है, किंतु अब भी रोपाई के काम मे तेजी के लिए अब भी दमदार बरिश का इंतजार है मौसम विभाग के अनुसार 18 जुलाई के बाद वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने से कृषि कार्यों को गति मिलेगी और जलाशयों व नदियों के जलस्तर में भी सुधार होने की उम्मीद है।

प्रशासन ने नागरिकों और किसानों से मौसम विभाग की ताज़ा जानकारी पर नजर रखने तथा तेज बारिश और आकाशीय बिजली के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के पुनः सक्रिय होने से गोंदिया जिले में मौसम सुहावना होगा और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

# गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन द्वारा 30 दिनों में 6 जिलों में भव्य रोजगार मेलों का आयोजन..

## 13 जुलाई को चंद्रपुर से अभियान का शुभारंभ..



जगप्रेरणा राकेश रोकडे सालेकसा।

*युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अभिजीत वंजारी के मार्गदर्शन में गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन*

द्वारा इस वर्ष भी अगले 30 दिनों में राज्य के 6 जिलों में भव्य रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार अभियान की शुरुआत सोमवार, 13 जुलाई को जिजाऊ हॉल, दाताला रोड, चंद्रपुर में प्रातः 9:00 बजे से होगी। इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोत्तर शिक्षित अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

रोजगार मेले में **Amazon, He&aware, Altius, A&is Bank, ICICI Bank, CEAT, VwS Tech Solutions Pvt. Ltd., Justdial, Fiat, Paramita Infotech, Fusion Finance, Hyundai, Pi& Transmission, TATA Motors, NEXA** सहित 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इसके अलावा विभिन्न **MNC, IT, Banking** एवं **Financ** क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में नागपुर, पुणे और मुंबई में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से प्री-प्लेसमेंट टॉक **(Pre-Placement Talk)** का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रभावी बायोडाटा **(Resume)** तैयार करने, साक्षात्कार के दौरान आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर देने तथा नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिभा धानोरकर, विधायक विजय वडेट्टीवार, विधायक सुधाकर अडबाले, विधायक अभिजीत वंजारी तथा पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुभाष धोटे प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

विधायक अभिजीत वंजारी एवं गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन ने अधिक से अधिक युवक-युवतियों से इस रोजगार मेले के लिए पंजीकरण कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए +91 88057 42146 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जि. प. की लचर कार्यप्रणाली से अप्रैल माह से वेतन से वंचित ग्रा. पं. कर्मचारियो का 16 जुलाई से कामबंद एवंम धरना आंदोलन

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिला परिषद के पास निधी उपलब्ध होने के बावजुद जि. प. प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली तथा कर्मचारी विरोधी नीती से आर्थिक संकट मे पडे अप्रेल माह से वेतन से वंचित ग्राम पंचायत कर्मचारी*

16 जुलाई से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन और जिले की आठो पंचायत समितियो पर धरणा आंदोलन सुरु करेंगे यह जानकारी महाराष्ट्र राज्य ग्रामपंचायत कर्मचारी महासंघ(आयटक) के राज्य कार्याध्यक्ष कॉ. मिलिंद गणवीर ने दी हैं।

उल्लेखनीय हैं की राज्य के ग्राम विकास विभाग द्वारा वेतन पर अनुदान एवंम भविष्य निर्वाह निधी की राशी पंचायत राज व्यवस्थापन कक्ष पुणे के माध्यम से जिला परिषदो उपलब्ध कराता हैं तथा यह निधी पंचायत समितीयो द्वारा कर्मचारियो के बैंक खातो मे जमा की जाती हैं यह सम्पूर्ण प्रक्रिया 7 दिनो के भितर पूरी की जा सकती हैं और इस आशय की सूचना संबंधित विभाग ने भी दी हैं बावजुद इसके 4 महिने बीत जाने पर भी कर्मचारीयो को वेतन ना मिलना गोंदिया जिला परिषद की लचर और गैरजिम्मेदार अधिकरियो की कार्यपद्धती को उजागर करता है वेतन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर घोर लापरवाही बरतने वाले अधीकारीयो पर कठोर कार्यवाही की मांग राज्य महासंघ के कार्याध्यक्ष कॉ. मिलिंद गणवीर ने की हैं।

इसी सवाल को लेकर प्रतिमाह, 5 तारीख के भितर वेतन अदायगी की मांग को लेकर 11 मई को जिला परिषद पर भव्य मोर्चा निकाला गया था तब तत्कालीन सीईओ मुरगानंथम साहब ने इस मांग को मान्य कर स्पष्ट निर्देश उप मु.का. अधी.(ग्रा. पं) को दिए थे किंतु उनके स्थानांतरण पश्चात दुर्लक्ष्य किया जा रहा हैं जिससे ग्रामीण विभाग का यह अल्पवेतन भोगी कर्मचारीयों को 'जिनपर ग्राम विकास की विभिन्न योजनाओ की जिम्मेदारी' हैं, उनपर भुखमरी का संकट छाया हुआ हैं

संगठन द्वारा बार -बार ज्ञापण देने और अधिकारीयो से चर्चा के बावजुद इस ओर निरंतर दुर्लक्ष्य किए जाने और तुरंत वेतन अदायगी और गैरजिम्मेदार अधिकारीयों पर कठोर कार्यवाही के लिए यह आंदोलन होगा जिसमे सभी ग्राम पंचायत कर्मचारीयों को शामील होने का आव्हान कॉ. मिलिंद गणवीर ने किया हैं।







**आ अब लौट चलें..**

बरिश का मौसम शुरु होते ही अपने सुरक्षित जगह पर अपना ठिकाने की ओर जाते मेढी पालक मार्ग से जाते हुये सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे

छाया- प्रा.गणेश भदाडे आमगांव।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# संपूर्ण रीजन में लायंस क्लब गोंदिया रॉयल ने हर वर्ष उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं की छाप छोड़ी है - पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता

## पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता ने भक्तिमय वातावरण मे दिलाई टीम अभिषेक शर्मा को सामाजिक सेवाओं की शपथ..

## पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय पालीवाल, दीपक रावलानी, प्रतीक काथरानी भी रहे प्रमुख रुप से उपस्थित..




जगप्रेरणा गोंदिया

***गोंदिया जिले में सामाजिक सेवाओं में अग्रणी लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल के नए अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव रोहित चंदानी, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल सहित नए पुराने सभी सदस्यों की शपथ के साथ लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल की नई कार्यकारिणी टीम अभिषेक शर्मा का शपथ विधि समारोह 11 जुलाई को होटल ग्रैंड सीता में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें***

बड़ी संख्या में लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे, वहीं समारोह में अन्य विशिष्ट जनों व अन्य लॉयन्स क्लब संगठनों के पदाधिरीयों ने भी उपस्थित दर्ज की।

लायंस क्लब गोंदिया रॉयल टीम अभिषेक शर्मा के शपथ विधि समारोह में सर्वप्रथम सभी आगंतुकों को पुष्प भेंट कर व तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया, इसके उपरांत दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पधारे अतिथियों में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता को इंस्टॉलिंग ऑफिसर के रूप में मंचासीन कराया गया, वहीं उनके साथ ही पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय पालीवाल किनोट स्पीकर, एमजेएफदीपक रावलानी, एमजेएफ प्रतीक काथरानी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का लायंस क्लब गोंदिया रॉयल के पूर्व अध्यक्ष शुभम अग्रवाल, पूर्व सचिव अनुज जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष सुप्रीत बैस द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया, वहीं टीम अभिषेक शर्मा ने भी अतिथियों का स्वागत किया, जिसके उपरांत शपथ विधि समारोह प्रारंभ हुआ।









## लायंस गौरव सम्मान से इनका किया गया सम्मान..



## बोले पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय पालीवाल..




शपथ विधि समारोह के अवसर पर प्रमुख अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय पालीवाल ने अपने उद्बोधन में पदाधिकारियों को संगठन में एकजुटता बनाये रखने के लिये आवश्यक विषयों को लेकर मार्गदर्शन दिया, तो वहीं रीजन क्लब एवं डिस्ट्रीक्ट क्लबों के बीच अपनी छाप छोड़ते हुए सामाजिक सेवाओं में अग्रणी रहने के लिये मूलमंत्र भी दिया। श्री पालीवाल ने आगे लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के द्वारा सेवा सप्ताह में किये जाने वाले कार्यक्रमों तथ इको फ्रेंडली श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सेल्फी विथ डॉटर, फन फुड कॉर्निवल व्यापार मेले आदि कार्यक्रमों की सराहना की, तो वहीं प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर संगठन के विस्तार की शुभकामनाएं भी दी।



## पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता ने बताया लायनिजम का महत्व..



समारोह में प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता ने सभी लायंस क्लब गोंदिया रॉयल के पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों की शपथ विधि संपन्न कराई। इस अवसर पर कृष्ण भक्ति के समुधर वातावरण में मार्गदर्शन देते रश्मि गुप्ता ने लॉयनिजम का महत्व बताया, तथा आपने कहा कि सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवा ही लॉयनिजम की पहचान है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि अपने पारिवारिक एवं व्यवसायिक व अन्य जवाबदारियों को पूरा करते हुए भी हमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम करना है, और एक आदर्श समाज की स्थापना के लिये प्रयास करना है। श्रीमती गुप्ता ने बीते 13 वर्षों में प्रतिवर्ष लायंस क्लब गोंदिया रॉयल के द्वारा किये जाने वाले कार्यों को संपूर्ण रीजन के लिये मिसाल बताया, तथा कहा कि आपने अपने योगदान से संपूर्ण विदर्भ को सीखने के लिये प्रेरित किया है। श्रीमती गुप्ता ने आगे कहा कि लायंस क्लब गोंदिया रॉयल का यह क्रम निरंतर प्रतिवर्ष बढ़ता रहे। वहीं आपने पूर्व अध्यक्ष रितेश अग्रवाल के व्यवहार एवं मार्गदर्शन की प्रशंसा की, तो वहीं वर्तमान एवं भावी सभी पदाधिकारियोंको विनम्रतापूर्वक एक दुसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए लायंस क्लब गोंदिया रॉयल का झंडा बुलंद करने का आहवान किया।




## बोले अध्यक्ष अभिषेक शर्मा..

लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल के इस वर्ष की कार्यकारिणी के अध्यक्ष एमजेएफ अभिषेक शर्मा ने कहा कि मेरे पूर्व के सभी अध्यक्षों के कार्यकाल में जिले में अनेक संगठनों के बीच निरंतरता से उत्कृष्ट सेवा कार्यों को करते हुए मैंने देखा है, और मैं सीं को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जो जवाबदारी आप सभी ने मुझे दी है, उसके अ नुरुप बेहर कार्य करने का जो क्रम लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल ने बनाए रखा है, उसे और ऊंचाईयों पर ले जाने का प्रयास करुंगा।

गौरतलब है कि लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल के शपथ विधि समारोह में अमरावती से पधारे पीएमजेएफ निक्कु खालसा एवं नागपुर के एमजेएफ राजन गुप्ता को लायंस गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल के पूर्व सचिव अनुज जायसवाल को गोंदिया नगर परिषद के सबसे कम उम्र के नगरसेवक निवार्चित होने एवं नगर परिषद में शिक्षक सभापति के पद पर निर्वाचित होने पर सत्कार किया गया। इसी के साथ हाल ही में संपन्न रक्तदान शिविर जिसमें गोंदिया जिले में सर्वाधिक 217 यूनिट का रिकार्ड रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये रक्तदान शिविर के परियोजना निर्देशक ला. रितेश अग्रवाल, ला. सुमित गुप्ता, ला. प्रद्युमन बजाज, ला. पीयूष बैस, ला. हरलीन होरा का सत्कार किया गया।

# गोंदिया के शंकर घुमरानी ने 51 वीं बार ओ-नेगेटिव रक्तदान कर पेश की मानवता की अनूठी मिसाल..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता, इसका जीवंत उदाहरण एक बार फिर देखने को मिला। गोंदिया के श्री माधव लधानी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें गोंदिया के अस्पताल में भर्ती कराया***

गया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें तत्काल ओ-नेगेटिव रक्त की आवश्यकता है। यह अत्यंत दुर्लभ रक्त समूह होने के कारण परिजनों के सामने रक्त की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती बन गया।

ऐसे समय में परिजनों ने रक्त मित्र विनोद (गुड्डू) चांदवानी से संपर्क किया। सूचना मिलते ही विनोद चंदवानी ने अपनी नियमित रक्तदाता सूची से संपर्क कर शंकर घुमरानी को रक्तदान के लिए आग्रह किया। शंकर घुमरानी ने बिना किसी विलंब के मानवता का परिचय देते हुए गंगाबाई ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया, जिससे मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका और उपचार में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

उल्लेखनीय है कि शंकर घुमरानी ने यह अपना 51वां स्वैच्छिक रक्तदान किया है। उनका यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है और मानव सेवा के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**इस अवसर पर रक्त मित्र विनोद (गुड्डू) चांदवानी, ब्लड बैंक के टेक्नीशियन आनंद तथा अन्य उपस्थितजनों ने शंकर घुमरानी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके इस प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।**

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com